वर्ष- 21 अंक - 293 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

## इंदौर की कांग्रेस ने किया वंदे मातरम अनिवार्य

*अध्यक्ष ने कहा कार्यक्रम में आना है तो गाना पड़ेगा*

देखें पेज 3 पर



## पाकिस्तान का हो गया पोपट!

### *शहबाज के दावे को अमेरिका ने किया खारिज*

**बुडापेस्ट.एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच हुए सीजफायर को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बयान को सीधे खारिज कर दिया है। वेंस ने साफ कहा कि सीजफायर में लेबनान शामिल नहीं है, जबकि शहबाज शरीफ ने अपने सार्वजनिक बयान में दावा किया था कि सीजफायर हर जगह लागू होगा, जिसमें लेबनान भी शामिल है।

लेबनान पर हो रहे हमले में एक ही दिन में 250 से ज्यादा की मौत हो गई है। ईरान ने कहा कि जब तक लेबनान पर हमले नहीं रुकेंगे, तब तक युद्ध विराम मंजूर नहीं होगा।

# डील टूटी तो ईरान पर घातक कार्रवाई होगी

## ट्रंप की नई धमकी

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** युद्ध विराम के ऐलान के बावूजद अमेरिका और ईरान के बीच तल्खी बढ़ती जा रही है। अब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को नई धमकी देते हुए कहा कि अगर डील टूटी तो ईरान के खिलाफ पहले से ज्यादा घातक कार्रवाई की जाएगी। जब तक असली समझौता पूरी तरह लागू नहीं होता तब तक अमेरिका की सेना और घातक हथियार, जहाज ईरान के आसपास तैनात रहेंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु बम नहीं बनाने देंगे और होर्मुज पर ईरान का कंट्रोल बर्दाश्त नहीं होगा।

## ईरान की 10 मांगों की लिस्ट को ट्रंप ने कूड़ेदान में फेंक दी



**वॉशिंगटन.एजेंसी।** व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने दावा किया है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान का प्रस्ताव कूड़ेदान में फेंक दिया। कैरोलिन लेविट ने कहा कि ईरान ने शुरुआत में 10 बिंदुओं का प्रस्ताव दिया, जो गंभीर और स्वीकार्य नहीं था। इसे पूरी तरह से खारिज कर दिया गया और राष्ट्रपति ट्रंप के साथ ही उनकी नेगोसिएशन टीम ने इस प्रस्ताव को सचमुच कूड़ेदान में फेंक दिया था।

## कल ईरान-अमेरिका की बातचीत, इस्लामाबाद-रावलपिंडी में छुट्टी घोषित

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** ईरान और अमेरिका के बीच कल पाकिस्तान के इस्लामाबाद में बातचीत होगी। इस अहम बातचीत के मद्देनजर इस्लामाबाद और रावलपिंडी में 9 व 10 अप्रैल को लोकल हॉलिडे घोषित किया गया है।

## ईरान ने भी खींच दी लकीर

**तेहरान.एजेंसी।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने साफ कह दिया है कि अमेरिका दोहरा खेल बंद करे। उन्होंने कहा कि अमेरिका को या तो सीजफायर चुनना होगा या फिर इजरायल के जरिए जंग। दोनों चीजें एक साथ नहीं चल सकतीं। अराघची ने जोर देकर कहा कि अब गेंद अमेरिका के पाले में है और पूरी दुनिया देख रही है।

## शेयर बाजार के साथ सोना-चांदी भी गिरा

**मुंबई.एजेंसी।** कल युद्ध विराम के ऐलान के बाद शेयर बाजार में जबर्दस्त उछाल आया था, लेकिन उसके बाद युद्ध विराम के बावजूद हमले और तकरार के कारण आज शेयर बाजार धड़ाम हो गया। सेंसेक्स 300 अंकों से ज्यादा गिरावट पर खुला और 77000 के स्तर पर आ गया। वहीं निफ्टी भी करीब 100 अंक फिसलकर 23800 के करीब आ गया। आज सोना के दाम में 1100 रुपए और चांदी के दाम में 4700 रुपए की गिरावट आई।

# असम, केरलम, पुडुचेरी में मतदान जारी

**गुरुवार.एजेंसी।** आज असम, केरलम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो रहा है। तीनों राज्यों में सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतार लग गई है। पुडुचेरी में वोट डालने पहुंच रहे मतदाताओं का रोबोट स्वागत कर रहा है। तीनों राज्यों की 296 सीटों के लिए 1995 उम्मीदवार मैदान में हैं। असम में 126 सीटों पर 722, केरलम में 140 सीटों पर 883 और पुडुचेरी में 294 उम्मीदवारों का फैसला आज वोटिंग मशीन में लॉक हो जाएगा। आज कर्नाटक की 2, नगालैंड की एक और त्रिपुरा की एक सीट पर भी उप चुनाव हो रहा है।

**मतदाताओं का रोबोट कर रहा है स्वागत**



## एक भी बच्चा नहीं जन्मा फिर भी 250 के बन गए सर्टिफिकेट

**राजगढ़.एजेंसी।** राजगढ़ के रामगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है, जहां बिना एक भी डिलीवरी के सैकड़ों जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए। जांच में कई राज्यों के नाम पर फर्जी दस्तावेज बनाने का खुलासा हुआ है। पुलिस ने मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जांच तेज कर दी है।

## भारत ने वापस लिया मेजबानी का प्रस्ताव

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारत ने 2028 में होने वाले सीओपी -33 जलवायु सम्मेलन की मेजबानी से अपना नाम वापस ले लिया है। यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में रखा था और इसकी तैयारियां भी शुरू हो चुकी थीं। हालांकि अब सरकार ने बिना कारण बताए यह फैसला लिया है।

## 6 और आतंकी गिरफ्तार

**सामली.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश एटीएस ने पश्चिमी यूपी में संदिग्ध आतंकी मॉड्यूल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शामली से 6 युवकों को पकड़ा है। शुरुआती जांच में इनके सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स से संपर्क में होने की आशंका जताई गई है। एटीएस ने हाल ही में चारबाग रेलवे स्टेशन को निशाना बनाकर धमाका करने की साजिश के आरोप में 4 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया था। उसी मामले की जांच के दौरान इन 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई।

# नहीं रुकेगा भारत

## विदेश से आई गुड न्यूज ग्लोबल टेंशन भी धुआं-धुआं




**नई दिल्ली ● एजेंसी**

बीते कुछ समय में वैश्विक संकट ने तमाम देशों का हाल-बेहाल किया, लेकिन फिर भी दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ती भारतीय अर्थव्यस्था पर इसका असर कम ही देखने को मिला। अब विश्व बैंक ने भी इसे माना है और ग्लोबल टेंशन के बावजूद भारत की जीडीपी ग्रोथ के अनुमान में इजाफा कर खुशखबरी दी है।

वर्ल्ड बैंक ने कहा है कि इंडियन इकोनॉमी एफवाई27 में 6.6 फीसदी की रफ्तार से भागेगी। इससे पहले अक्तूबर 2025 में वर्ल्ड बैंक ने 6.3 प्रश की ग्रोथ रेट का अनुमान जाहिर किया था।

## आज दिल्ली पहुंचेंगे नीतीश, कल राज्यसभा की लेंगे शपथ

**नई दिल्ली.एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज दिल्ली पहुंचेंगे। वे कल राज्यसभा सदस्य के तौर पर शपथ लेंगे। नीतीश कुमार 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इसके बाद बिहार में नए मुख्यमंत्री के चयन और नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज होगी। 15 अप्रैल को नए मुख्यमंत्री का शपथ समारोह हो सकता है।

## युवती पर चाकू से 12 वार

**रांची.एजेंसी।** झारखंड के चाईबासा में ट्यूशन पढ़ाकर लौट रही एक युवती पर अज्ञात युवक ने 12 बार चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## अमेरिका में लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के बीच खूनी जंग, 2 का मर्डर

**गुरुवार.एजेंसी।** भारत के हरियाणा और पंजाब से शुरू हुआ गैंगस्टरों का आतंक अब अमेरिका तक जा पहुंचा है। लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग ने एक-दूसरे के करीबियों को ठिकाने लगाने के दावे कर सनसनी फैला दी है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से दावा किया गया कि गोदारा गैंग के भानु राणा की कैलिफोर्निया में हत्या कर दी गई है और उसे जमीन में गाड़ दिया गया। उधर गोदारा गैंग ने कैलिफोर्निया में लॉरेंस बिश्नोई के शूटर काका राणा की हत्या का दावा किया।

# भाजपा की परिषद अपनी नाकामी छुपाने के लिए बहस से भागी

## भागीरथपुरा के नागरिकों के गुस्से के लिए कांग्रेस ने की माफी की मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा है कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व वाली परिषद अपनी नाकामियों को उजागर होने से रोकने के लिए कल परिषद की बैठक में बहस करने से मैदान छोड़कर भाग गई। चौकसे ने निगम परिषद की बैठक समाप्त कर दिए जाने के बाद जारी किए गए अपने बयान में कहा कि कल भागीरथपुरा के नागरिक अपना गुस्सा व्यक्त करने के लिए नगर निगम परिषद की बैठक में आए थे। इन नागरिकों ने अपनी शिकायत को सामने रखा। इस दौरान नगर निगम के बाउंसर भाजपा के नेताओं के इशारे पर दर्शक दीर्घा में इन नागरिकों को पीटने के लिए पहुंच गए थे। ऐसे में तत्काल शहर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अमित पटेल ने मोर्चा संभाला और वह इन नागरिकों के समर्थन में इन्हें बचाने के लिए खड़े हो गए। इस घटनाक्रम को लेकर भाजपा के पार्षदों ने परिषद की बैठक में माहौल बनाया। इन पार्षदों ने आरोप लगाया कि भागीरथपुरा के पीड़ित परिवारों को कांग्रेस लेकर आई थी इसलिए नेता प्रतिपक्ष माफी मांगे। चौकसे ने कहा कि कांग्रेस कल भी भागीरथपुरा के नागरिकों के साथ थी आज भी उनके साथ है और आने वाले कल में भी उनके ही साथ रहेगी। जहां तक इन नागरिकों को लेकर आने का सवाल है तो इन्हें कांग्रेस लेकर नहीं आई थी बल्कि नागरिक खुद अपनी पीड़ा को बताने के लिए निगम परिषद के दरवाजे तक पहुंचे थे। भाजपा की निगम परीक्षक और भाजपा की सरकार का यह निकम्मापन है कि अभी तक नगर निगम की गलती से जान गंवाने वाले 36 परिवारों को मुआवजा नहीं मिला है। इनमें से 19 परिवारों को मुआवजे के नाम पर 2 लाख देकर उनका मजाक उड़ाया गया है। चौकसे ने कहा कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव अपना बजट प्रस्तुत कर रहे थे तो कांग्रेस के किसी भी पार्षद ने उनके बजट भाषण में खलल पैदा नहीं किया था। इंदौर शहर के विकास की संभावनाओं को नकारने वाला बजट उन्होंने सामने रखा इसके बाद भी कांग्रेस उस समय चुप थी। इस स्थिति से भाजपा के पार्षदों को यह समझ में आ गया था कि जब बजट पर बहस होगी तो शहर की सड़कों के गड्ढे, चौक होती ड्रेनेज लाइन, नागरिकों को मिलता गंदा पानी, नागरिकों को पर्याप्त पानी नहीं मिलना, नगर निगम के भ्रष्टाचार, महापौर की झूठी घोषणाएं आदि की कलई खुल जाएगी। ऐसे में लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति अपना असंतोष व्यक्त करते हुए भाजपा के नेताओं के इशारे पर निगम परिषद की बैठक नहीं चलने दी गई। इस बैठक को चर्चा के बीच ही समाप्त कर दिया गया। सबसे बड़ा मजाक तो यह है कि इंदौर शहर के नए वित्त वर्ष के बजट पर कोई चर्चा ही नहीं हो सकी। महापौर के भाषण के जवाब में नेता प्रतिपक्ष का भाषण जब शुरू हुआ तो पूरे सदन में हंगामा शुरू हो गया और उस हंगामे के बीच ही बिना बहस के बजट को पारित घोषित कर दिया गया। इसके साथ ही पूरी कार्य सूची को भी पारित घोषित कर दिया गया। चौकसे ने कहा कि यह पूरा घटनाक्रम इस बात को स्पष्ट करता है कि भाजपा के नेताओं को चर्चा में बहस में लोकतंत्र की व्यवस्था में कोई रुचि नहीं है। इंदौर नगर निगम के भाजपा के नेता इस बात से डरे हुए हैं कि कहीं चर्चा होगी और उनके भ्रष्टाचार के मामले कांग्रेस के पार्षद सामने रख देंगे तो फिर वह इंदौर की जनता को कौन सा मुंह दिखाएंगे। चौकसे ने पूरे घटनाक्रम के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव और सभापति मुन्नालाल यादव के रवैए की निंदा की है।

## एआईएमआईएम ने दिया रूबीना इकबाल को ऑफर

**इंदौर, सिटी ब्लास्ट।** असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम से जुड़े जावेद पठान ने कल वंदे मातरम को लेकर नगर निगम की बजट बैठक के दौरान कांग्रेस की दो पार्षद खास तौर से रूबीना खान और फौजिया के वंदे मातरम नहीं गाने के मुद्दे पर विवाद गहराया तो रूबीना ने यहां तक कहा कि वह तो पहले भी निर्दलीय पार्षद रह चुकी हैं फिर निर्दलीय पार्षद रह लेंगी। इस बयान के बाद कांग्रेस ने भी वंदे मातरम का गान आवश्यक किया है और और अब एआईएमआईएम के जावेद पठान ने रूबीना खान का पक्ष लिया और कहा कि उन्होंने हकीकत बोली है। पठान ने यह भी कहा कि कांग्रेस हमेशा मुस्लिम समाजजनों के लिए पल्ला झाड़ लेती है। अगर कांग्रेस का यही रवैया बरकरार रहा तो कई कांग्रेसी एआईएमआईएम को जॉइन करेंगे। पठान ने सीधा सीधा रूबीना खान को एआईएमआईएम में आने का न्यौता भी दे दिया।

## भाजपा ने मुझे निकाला है, मैंने पार्टी नहीं छोड़ी—जीतू यादव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

### *वंदे मातरम मामले में नहीं गाने वालों का साथ नहीं देते पर कांग्रेस पार्षदों को बोले धन्यवाद*

पूर्व एमआईसी सदस्य एवं पार्षद जीतू यादव का गत वर्ष पार्षद कमलेश कालरा के साथ विवाद हो गया था, जिसके बाद उन्हें भाजपा से निष्कासित कर दिया गया था। कल बजट सत्र के दौरान जब जीतू यादव अपना उद्बोधन दे रहे थे, तब फिर विवाद खड़ा हो गया। इस पर कांग्रेस पार्टी के एक पार्षद में कहां के पहले यह बताएं आप किस पार्टी से है। इस पर उन्होंने कहा कि मैं भाजपा से हूं पार्टी ने मुझे निकाला है मैंने पार्टी नहीं छोड़ी है।

जीतू यादव जब बोलने के लिए खड़े हुए तो उन्होंने सबसे पहले कहा कि कांग्रेस दल के कुछ पार्षद वंदे मातरम नहीं बोलना चाहते हैं, उनका साथ कांग्रेस के अन्य पार्षद ने नहीं दिया। इसके लिए उनका धन्यवाद। उन्होंने यह भी कहा कि लव जिहाद के मामले में भी अगर कांग्रेस पार्टी विरोध करती तो अच्छा रहता, तब किसी ने विरोध नहीं किया था। इसी बीच पार्षद रुबीना खड़ी हुई और यादव को जवाब दिया। दोनों के बीच तीखी बहस हुई। तभी यादव ने उन्हें कह दिया कि आप पड़ोसी देश ही चले जाएं।



इसी बीच कांग्रेस दल के एक पार्षद ने कहा कि पहले आप यह बताएं कि आप किस पार्टी से हैं, तब जीतू यादव ने कहा कि मैं भाजपा से हूं। भाजपा ने मुझे निकला है, मैंने बीजेपी नहीं छोड़ी है। रुबीना ने जब जीतू यादव का जवाब दिया तो सदन में हंगामा मच गया। जीतू यादव ने कहा कि मैं किस पार्टी में हूं, इसकी चिंता मेरे नेता करेंगे।भाजपा के एक पार्षद ने आपत्ति ली और कहां की किसी पार्षद से पार्टी पूछना सदन की गरिमा के विरुद्ध है।

## वंदे मातरम का मुद्दा गर्माया, आज निगम पर एबीवीपी का प्रदर्शन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**नगर निगम परिषद की बैठक में कांग्रेस की मुस्लिम महिला पार्षदों के द्वारा वंदे मातरम गाने से इनकार किए जाने का मामला गरमा गया है। आज भाजपा के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी के द्वारा नगर निगम पर प्रदर्शन किया जाएगा।**

नगर निगम परिषद की बैठक में कांग्रेस की पार्षद फौजिया शेख अलीम और रुबीना इकबाल खान ने वंदे मातरम गाने से इनकार कर दिया था। फोजिया ने कहा था कि हमारा मजहब हमें यह गाने की इजाजत नहीं देता है। इस पर सभापति ने उन्हें 10 मिनट में सदन छोड़ने के लिए कहा था। सभापति की व्यवस्था का पालन करते हुए उन्होंने सदन छोड़ दिया था। इसके साथ ही रुबीना इकबाल खान ने भी वंदे मातरम गाने से इनकार करते हुए सदन में ही भाजपा के पार्षदों को चुनौती देते हुए कहा था कि एक बाप की औलाद हो तो हमसे गा कर दिखाओ।

यह मामला अब तूल पड़ गया है। इस मामले में भाजपा के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की भी एंट्री हो गई है। परिषद के नगर महामंत्री देवेश गुर्जर ने कहा कि परिषद इंदौर महानगर द्वारा वंदे मातरम् पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली पार्षद फोजिया शेख अलीम के विरोध में नगर निगम परिसर पर सामूहिक वंदे मातरम् गान एवं प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान अभाविप कार्यकर्ता पार्षद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी पार्षदी बर्खास्त करने की मांग करेंगे। यह राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय सम्मान की भावना को लेकर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। यह कार्यक्रम आज दोपहर 3:30 बजे नगर निगम मुख्यालय पर होगा।

## मनीष मिंडा को मिली कांग्रेस सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग में जिम्मेदारी



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वरिष्ठ नेता दिग्विजयसिंह, अरुण यादव, उमंग सिंघार, कृपाशंकर शुक्ला की अनुशंसा पर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर मध्यप्रदेश कांग्रेस आई टी एवं सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष चंचलेश व्यास द्वारा 2011 से कांग्रेस के लिए सोशल मीडिया पर लगातार सक्रिय कार्यकर्ता मनीष मिंडा को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया। प्रदेश के लेकर इन्दौर तक के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। मिंडा ने सभी को साधुवाद दिया।

## यादव के बिजली आंदोलन से जुड़े राजीव विकास केंद्र के नए पदाधिकारी



### सभी हैं पहले से कांग्रेसी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष और राजीव विकास केंद्र के अध्यक्ष देवेंद्रसिंह यादव ने अपनी राजीव विकास केंद्र की नई टीम शहर अध्यक्ष रायमुनी भगत के अलावा महामंत्री साधना भंडारी के नेतृत्व में विद्युत मंडल पोलोग्राउंड कार्यालय पर हल्ला बोला। वरिष्ठ कांग्रेसी इस आंदोलन से दूरी बनाए दिखे लेकिन राजीव विकास केंद्र की नई टीम जरूर पहुंची, जिसमें महिलाएं भी शामिल हुईं। राजीव विकास केंद्र और कांग्रेसियों ने विद्युत मंडल का घेराव कर हल्ला बोला और बैनर पोस्टर हाथ में लेकर नारेबाजी भी की। बढ़ी हुई बिजली की दर का विरोध किया। साथ में स्मार्ट मीटर से लूट, अघोषित बिजली कटौती पर मुख्यमंत्री और ऊर्जामंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। सन्नी राजपाल, जौहर मानपुरवाला, दीपक मलोरिया रानू, सुषमा यादव, कविता कुशवाह, किरण कुशवाह, गिरिजा पंडित, अंकतीता अरोरा, प्राची भगत, राधे बौरासी, मुकेश शाह, मूलचंद झांझोट, चिंटू वर्मा, सुधीर जैन, कमलेश पाठक, मोहन चौहान, मुन्ना ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेस अध्यक्ष चौकसे ने कार्यक्रम में वंदे मातरम किया अनिवार्य

## पहली बार हुआ गान को लेकर बड़ा दिशा निर्देश जारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस में संभवतः पहली बार इंदौर शहर संगठन के मुखिया ने आदेश जारी कर वंदे मातरम गान को लेकर अनिवार्यता की है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने साफ कर दिया कि हम आजादी के पहले से वंदे मातरम और जन गण मन का गान कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। चौकसे ने कहा कि अब कांग्रेस की हर मीटिंग की शुरुआत में वंदे मातरम होगा। जिन्हें वंदे मातरम नहीं गाना हो वह कांग्रेस की मीटिंग में नहीं आएं। चौकसे ने कहा देश में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के रूप में वंदे मातरम और जन गण मन को अपनाने का काम कांग्रेस के द्वारा किया गया था। देश की आजादी के पहले कांग्रेस के हर सम्मेलन में वंदे मातरम का गान होता था। कांग्रेस की छोटी से छोटी बैठक भी वंदे मातरम के उद्घोष के साथ शुरू होती थी। ऐसे में यदि कांग्रेस का कोई व्यक्ति कहता है कि उन्हें वंदे मातरम बोलने में समस्या है तो यह गलत है।

उन्होंने कहा कि अब इंदौर में कांग्रेस के हर कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के साथ होगी। हर कार्यक्रम का समापन जन गण मन के साथ होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि यदि किसी को वंदे मातरम कहने में तकलीफ है तो वह कांग्रेस की मीटिंग में नहीं आएं। हमें यह याद रखना होगा कि धर्म की मान्यता से पहले राष्ट्र है और हमें राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए ही काम करना है। दलीय राजनीति अपनी जगह है लेकिन यह राजनीति भी राष्ट्र से ऊपर नहीं है। राष्ट्रीयता का भाव रखना और उसे प्रकट करना आवश्यक है।

**जिसे वंदे मातरम नहीं गाना है वह कांग्रेस के कार्यक्रम में नहीं आए**

उन्होंने कहा कि कोई भी धर्म हमें अपने देश के सम्मान का गान करने से नहीं रोकता है। हमें यह ध्यान रखना होगा कि राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के प्रति कभी भी हमारे मन में या व्यवहार में असम्मान का भाव नहीं हो।

## पार्षदों का ध्यान सभापति की टेबल पर रखे ड्राइफ्रूट पर टिका रहा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट)। कल नगर निगम की बजट बैठक के दूसरे दिन जब वंदे मातरम के मुद्दे पर हंगामा खड़ा हुआ उस समय पार्षद सभापति के आसंदी तक पहुंच गए थे। सभापति मुन्नालाल यादव की टेबल पर ड्राइफ्रूट रखे हुए थे। कई जनप्रतिनिधियों की निगाहें इन ड्राइफ्रूट पर टिकी रहीं। एक तरफ भीड़ में चिल्लाचोट भी करते रहे और दूसरी तरफ टेबल पर रखे ड्राइफ्रूट उठाकर पार्षद खाते रहे, जबकि सभापति ने किसी को भी ड्राइफ्रूट खाने का न्योता नहीं दिया था। इस मामले में एक वीडियो भी जारी हुआ जिसमें दिख रहा है कि भाजपा के एक पार्षद ने ड्राइफ्रूट उठाकर अपनी जेब में डाल रहा है। जब यह वीडियो सोशल मीडिया पर जारी हुआ तो लोगों ने लिखा कि हमारे नेता भी अजब गजब हैं। जब गंभीर माहौल चल रहा था तो उस समय जनप्रतिनिधियों की निगाह ड्राइफ्रूट पर टिकी हुई थीं। यह ड्राइफ्रूट नगर निगम ने खरीदकर सभापति की टेबल पर रखवाए थे। यह पैसा जनता का पैसा है जो टैक्स के रूप में आया है। वाह नेताजी वाह...।



## कांग्रेस करेगी रूबीना खान पर कार्रवाई

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** विधानसभा 5 के खजराना वार्ड से कांग्रेस की पार्षद रूबीना खान ने कल वंदे मातरम गान से उठे विवाद के दौरान कहा कि कांग्रेस हमेशा साथ नहीं आती है और कांग्रेस को कोसा भी और कहा कि हम तो पहले भी निर्दलीय पार्षद थे, हमारा क्या ज्यादा होगा तो हम एआईएमआईएम में चले जाएंगे। यह मुद्दा कल कांग्रेसियों के बीच जमकर चर्चा का विषय बना। सूत्रों का कहना है आज दोपहर जिला कांग्रेस के कलेक्टर कार्यालय पर किसान मुद्दे पर प्रदर्शन के बाद कांग्रेस चर्चा कर निर्णय लेगी कि रूबीना खान पर कार्रवाई की जाए या नहीं। कांग्रेस ने एक बड़े नेता ने तो कहा कि इसमें नोटिस देने की जरूरत नहीं है सीधे रूबीना खान को बाहर किया जाए। ज्यादातर कांग्रेसी भी यही चाहते हैं कि कांग्रेस और संगठन के खिलाफ बयान देने वालों को कांग्रेस बाहर का रास्ता दिखाए।

## वंदे मातरम से एलर्जी वालों के लिए दवा बनाने की मांग - भाजपा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट)। सांसद प्रतिनिधि भाजपा नेता डॉ. संतोष वाधवानी ने बयान जारी कर कहा कि वंदे मातरम गान से दो कांग्रेस पार्षदों ने आपत्ति जताई जो ठीक नहीं हैं। वंदे मातरम से देशभक्ति के प्रतीकों का सम्मान की भावना दिखाई देती है। वाधवानी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को 'वंदे मातरम' सुनकर असुविधा या एलर्जी जैसी स्थिति महसूस होती है, तो यह संभवतः एक नई प्रकार की बीमारी हो सकती है। इसलिए उन्होंने आयुष विभाग से आग्रह किया कि ऐसी 'देशभक्ति-एलर्जी' के उपचार हेतु शीघ्र से शीघ्र कोई प्रभावी औषधि विकसित की जाए, ताकि समाज में इस प्रकार की समस्या से पीड़ित लोगों का उपचार हो सके।

# वंदे मातरम का विरोध भारत माता का अपमान है

## कॉंग्रेस देश की 140 करोड़ जनता से माफ़ी मांगे, पार्षदों को कॉंग्रेस से निष्कासित करें

### कॉंग्रेस मुस्लिम लीग बन- गई है- सुमित मिश्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने नगर निगम के बजट चर्चा के दौरान कॉंग्रेस नेत्री फौजिया शेख द्वारा देश के राष्ट्रगीत वंदे मातरम के दौरान सदन छोड़कर जाने पर इसे राष्ट्रगीत का अपमान बताते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्र भक्ति के गीत का, राष्ट्र की आराधना का, राष्ट्र की वंदना के गीत का अपमान कर देश की 140 करोड़ जनता का अपमान किया है। वहीं रूबीना खान ने भी वंदे मातरम गाने से मना किया। यह वंदे मातरम का विरोध भारत माता का अपमान है, क्योंकि कांग्रेस अब मुस्लिम लीग बन गई है। इस मामले में कांग्रेस को देश की 140 करोड़ से अधिक जनता से माफी मांगना चाहिए। सुमित मिश्रा ने यहां तक कहा कि कांग्रेस को आगे बढ़कर अब दोनों पार्षद रूबीना खान और फौजिया शेख को कांग्रेस से बाहर करना चाहिए।

## कांग्रेस के कई पार्षद रहे दो दिनों में नदारद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पहले ही कांग्रेस के पार्षद नगर निगम में कम हैं और उसमें भी कांग्रेस की निगम की गुटबाजी दो दिनों की बजट बैठक के दौरान नजर आई। पहले और दूसरे दिन अलग अलग पार्षद अलग अलग दिन बैठक से नदारद रहे। जो पहले दिन थे उनमें से कुछ दूसरे दिन गायब थे, कुछ पहले दिन नहीं आए, वे दूसरे दिन आ गए। कुछ ने मुद्दों पर चुप्पी रखी तो कुछ ने मुद्दे नहीं उठाए।

## वंदे मातरम के लिए भाजपाइयों ने बनाई थी पहले से योजना

**इंदौर सिटी ब्लास्ट। कांग्रेस के सोशल मीडिया ग्रुप पर कांग्रेसियों ने जमकर चलाया कि योजनाबद्ध तरीके से भाजपाइयों ने जान बूझकर वंदे मातरम गान का मुद्दा उठाया और अपने जाल में दो कांग्रेसी पार्षदों को उलझाकर इसे मुद्दा बनाया। वंदे मातरम का गान पहले भी होता था। पहले इसका विरोध क्यों नहीं किया गया। कांग्रेस को बदनाम करने के लिए भाजपा ने योजनाबद्ध तरीके से काम किया और बयानबाजी की।**



## हिंदूवादी नेता पहुंचे वंदे मातरम नहीं गाने वालों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर थाना

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट)। नगर निगम की परिषद में बजट बैठक के दूसरे दिन वंदे मातरम गीत गाने को लेकर मामला सुर्खियों में पहुंच गया और कांग्रेस की दो पार्षदों ने वंदे मातरम नहीं गाने को लेकर बयान दिए, उसके बाद भाजपा पार्षदों ने हंगामा खड़ा किया था। इधर, हिंदूवादी नेता लक्की मेवाती, ऐश्वर्य शर्मा एमजी रोड थाना पहुंचे और उन्होंने वंदे मातरम का गान नहीं करने वाले दोनों पार्षदों रूबीना खान और फौजिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग का ज्ञापन दिया।

# जीतू पटवारी ने वंदे मातरम मामले में साधी चुप्पी, केवल बजट पर बोले

**इंदौर( सिटी ब्लास्ट)। शहर में कल जब निगम बजट के दौरान पार्षद फौजिया शेख और रुबीना खान ने वंदे मातरम गाने से इन्कार किया तब से सियासी हलचल मची हुई है। एक और जहां भाजपा हावी हो गई वहीं दूसरी और कांग्रेस मे भी अब रुबीना को पार्टी से निकालने के लिए चर्चा जोर पकड़ रही है। इधर इस मामले में जीतू पटवारी ने चुप्पी साध ली है।**

आज सुबह जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर इंदौर नगर निगम के बजट को लेकर चर्चा की उन्होंने बताया कि अब निगम शमशान में उपयोग होने वाली लड़कियों को पर भी कमिशन लिया जा रहा है। उन्होंने इसे भ्रष्टाचार में 'नवाचार' करने वाला बताया। इस पूरे मामले में जहां वंदे मातरम को लेकर हल्ला मचा हुआ है उसे मामले में जीतू पटवारी ने कुछ नहीं कहा उन्होंने बस यही कहा कि कल बजट को लेकर जो हुआ वह सभी अखबारों में पढ़ लिया होगा।

## जिला कांग्रेस का कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन आज दोपहर

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर आज दोपहर 1 बजे से जिला कांग्रेस अपने अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं और खास तौर से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी पर हो रही देरी को लेकर आज घेराव कांग्रेस कर रही है। इस आंदोलन में सभी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण मंडलम अध्यक्षगण,ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी अध्यक्षगण, जिला व जनपद के वर्तमान एवं पूर्व सदस्य,कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण एवं किसान साथी को भी आंदोलन के लिए बुलवाया गया है। डॉ. दौलत पटेल, मोतीसिंह पटेल ने भी सोशल मीडिया पर इस आंदोलन के लिए प्रचार प्रसार किया।

# कुशवाहा नगर के मकान टूटे नहीं और सड़क निर्माण का टेंडर जारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा कुशवाहा नगर में सड़क निर्माण में बाधक मकान को तोड़ने की तो अभी योजना ही बनाई जा रही है। इसी बीच निगम के द्वारा इस सड़क के निर्माण का टेंडर भी जारी कर दिया गया है। इस टेंडर के अनुसार 11 महीने में सड़क का निर्माण 16 करोड रुपए की लागत से किया जाएगा।**

**11 महीने में 16 करोड़ की लागत से बनाई जाएगी सड़क**

निगम की योजना शाखा के द्वारा राज्य सरकार के कायाकल्प अभियान के तहत टिगरिया बादशाह रोड से कुशवाहा नगर होते हुए उज्जैन नाका बाण गंगा तक लिंक रोड के निर्माण की योजना बनाई गई है। इस योजना को नगर निगम के स्तर पर मंजूरी भी दे दी गई है। राज्य सरकार के कायाकल्प अभियान में सड़क के निर्माण में होने वाला सारा खर्च सरकार के द्वारा दिया जाएगा। इस आधार पर नगर निगम इस काम को कर लेना चाहता है।

निगम के द्वारा इस सड़क की स्थिति का आकलन किया गया है। इस आकलन के अनुसार कुशवाहा नगर में इस सड़क के निर्माण के लिए 100 से ज्यादा मकान तोड़ने की स्थिति बन गई है। इन मकान को नगर निगम की ओर से नोटिस जारी किया जा चुका है। तोड़फोड़ की कार्रवाई अभी की जाना बाकी है। क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा नगर निगम के नोटिस का विरोध किया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि इस क्षेत्र में तोड़फोड़ की कार्रवाई आसानी से नहीं हो पाएगी।

अभी जब इस कॉलोनी में सड़क के निर्माण में बाधक मकान हटाने का काम भी नहीं हुआ है और नगर निगम के द्वारा इस सड़क का निर्माण करने के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। निगम के द्वारा जारी किए गए टेंडर में यह कहा गया है की बारिश के मौसम के सहित 11 महीने में सड़क का निर्माण पूरा करना होगा। इस कार्य पर निगम के आकलन के अनुसार 16 करोड रुपए से ज्यादा की राशि खर्च होगी।

# आज भी शराब दुकान के बाहर प्रदर्शन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राजकुमार ब्रिज के पास न्यू देवास रोड पर खुल रही शराब दुकान के विरोध में कल रह वासियों द्वारा प्रदर्शन कर चक्का जाम किया गया था और शाम को विधायक और पार्षद भी विरोध करने वालों का साथ देने पहुंचे थे। कल के मुकाबले आज भीड़ कम थी लेकिन आज भी बंद शराब दुकान के सामने लोग विरोध करने पहुंच गए।

# छावनी अनाज मंडी में किसानों का विरोध

## मंडी के लोगों की व्यापारियों से सांठगांठ का आरोप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कल किसान नेताओं ने किसानों के साथ छावनी अनाज मंडी में व्यवस्था को लेकर प्रश्नचिन्ह खड़े किए और फसल के कम दाम मिलने को लेकर भी सवाल खड़े किए। गेहूं से भरी ट्राली को भी सड़क पर बिखेर दिया गया था। किसान नेताओं ने गेहूं हाथ में लेकर आरोप लगाए कि गेहूं में कंकर पत्थर मिलाकर माल को खराब बताया जाता है और कम दाम में तोला जाता है। इसमें मंडी के लोगों की मिलीभगत है। प्रशासन सरकार और पुलिस से कार्रवाई की मांग भी की गई। यह भी कहा कि समर्थन मूल्य से काफी कम में अनाज खरीदा जा रहा है। मंडी अधिकारी चुप हैं।



# युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

**इन्दौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने बुधवार देर रात जहर खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली, सूचना मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज जांच शुरु की।**

थाना क्षेत्र के पालदा क्षेत्र की पवनपुरी कॉलोनी में रहना वाला 19 वर्षीय अनुराग ने अपने घर में जहर खा लिया। रिश्तेदार नीरज उसे गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल ले गए, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जांच में पता चला है कि अनुराग मूलतः नर्मदापुरम जिले के बिशोनी गांव का रहने वाला था। वह पिछले तीन साल से इंदौर में रहकर एक दाल मिल में काम करता था और किराए के मकान में रहता था। प्रारंभिक जानकारी पुलिस को पता चला है कि घटना से पहले अनुराग ने अपने छोटे भाई से बात की थी, जिसमें उसे पता चला कि उसके पिता ने उसकी मां के साथ मारपीट की है। पिता से हुई बातचीत के बाद मानसिक आघात के चलते उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है, पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में ज्ञापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री रोहिताश शर्मा, विजय यादव बंटी, विपिन शर्मा ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं की बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है। विद्युत उपभोक्ताओं को धमकाया और डाराया जा रहा है और यहां तक कहा जाता है कि विद्युत कनेक्शन काट दिया जाएगा। प्रायवेट कम्पनी के लोग और ठेकेदार द्वारा घरों पर पहुंचकर टाइट भाषा में बात की जाती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उपभोक्ताओं की



बिना अनुमति के स्मार्ट मीटर लगाने का कोई प्रावधान नहीं है। विजय नगर क्षेत्र के शीतल नगर, भाग्यश्री कालोनी, सुमन नगर, गंगादेवी नगर में भी बगैर स्वीकृति के मीटर लगाए गए। रहवासी उपभोक्ता राधेश्याम यादव, कैलाश दुबे, बबलू यादव, इंदिरा प्रजापत, तेजराम रासानिया, अर्जुन लाल, सुरेन्द्र जांगिड, मुकेश शर्मा, तेजेन्द्र मिठारु, जगन्नाथ गुर्जर, मोनू गुर्जर, गिरीश चौकसे, अनिल जोशी, राजू चौहान, रजनी श्रीकृष्ण चौहान ने भी जबरन स्मार्ट मीटर लगाने की पीड़ा कांग्रेस नेताओं को बताई। इस दौरान अनिल कामले, संतोष ठाकुर, सर्यूकांत चौरे दादू, गज्जू सिंह, अनूप सिंह सहित अन्य भी मौजूद थे।

# स्वास्थ्य विभाग के कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर का आज सामूहिक अवकाश

**इंदौर।** प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विभाग के कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर आज सामूहिक अवकाश पर हैं और इस सामूहिक अवकाश का कारण यह है कि उन्हें सैलेरी तो मिल रही है लेकिन इन्सेंटिव नहीं मिल रहा है। यह इन्सेंटिव इसलिए नहीं मिल रहा है कि शासन के स्वास्थ्य विभाग ने जा टारगेट दे रखा है वह काफी बड़ा है जो पूरा नहीं हो रहा है, जबकि



इसलिए कई महिला कर्मचारी भी अतिरिक्त लगा रखी हैं। आज इस मामले में शिवराजसिंह सोनगरा ने बताया कि हम यही चाहते हैं कि काम के आधार पर विभाग इन्सेंटिव दें और जो भी टारगेट है उसके लिए गाइड लाइन अनुसार ही काम होना चाहिए। टारगेट ज्यादा होने से किसी को भी इन्सेंटिव नहीं मिल रहा है। आज सामूहिक अवकाश के दौरान गांधी हॉल में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर बैठक कर रहे हैं जिसमें दोपहर तक आगे की लड़ाई के लिए चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे।



# प्रेस क्लब ने मनाया स्थापना दिवस

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रेस क्लब आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। स्थापना करने वाले राजेंद्र माथुर को आज याद किया जा रहा है। उनकी प्रतिमा पर प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने 64 दीप जलाकर कर आतिशबाजी भी की और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति का आयोजन भी हुआ। दीपक कदर्म, प्रदीप जोशी, संजय पाठी, प्रियंका पांडे, अभिषेक चेंडके, मुकेश तिवारी, पूनम शर्मा, मनीष मक्खर, अभय तिवारी, प्रमोद दीक्षित, अंशुल मुकाती, श्याम कामले, विजय भट्ट, लक्ष्मीकांत पंडित, अभिषेक रघुवंशी, नितिन जैन सहित अन्य मौजूद थे।

# मरीज और परिजनों की एमवाय में सेवा, गौशाला में भी किया आयोजन

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** ब्लॉक अध्यक्ष निलेश सेन शैलू, विशाल चतुर्वेदी, सत्यनारायण सलवाडिया ने बताया कि पूर्व मंत्री महेश जोशी की पुण्यतिथि पर सेवा कार्य के अंतर्गत आज सुबह एमवाय अस्पताल कैंसर वार्ड में पहुंचकर कांग्रेसियों के समूह ने फल, बिस्किट वितरण का कार्यक्रम किया। उसके बाद आनंदमयी आश्रम पहुंचकर वहां गौशाला में गौसेवा की गई। गौ पेटपूजा कराई गई।





# युवक को पुलिस और पत्रकार ने बचाने की कोशिश की

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र की सांवेर रोड अरविंदो अस्पताल के समीप कल हादसा हुआ। कांक्रीट मिक्सर मशीन के पिछले पहिये में युवक रणजीत पिता चिंतामण निवासी रेवतीरेंज आए थे। उस समय युवक को बचाने की कोशिश की गई। पुलिस को भी सूचना दी गई छायाकार पत्रकार निलेश वर्मा और पुलिसकर्मी ने युवक को तत्काल अरविंदो अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने की कोशिश की लेकिन हादसा भयानक था जहां युवक की जान नहीं बचाई जा सकी।





# निगम परिषद की बैठक फालतू के विवाद में उलझी

## ना बजट पर चर्चा हुई, ना हो सका एजेंडे पर डिस्कशन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**नगर निगम परिषद की बैठक कल फालतू के विवाद में उलझ कर रह गई। इस बैठक में बजट पर न चर्चा हो सकें और ना हीं इस बैठक के लिए बनाए गए एजेंडा के किसी विषय पर बातचीत हो सकी। फालतू के मुद्दों में यह बैठक ऐसी उलझी कि उन मुद्दों के बीच ही समाप्त हो गई।**

नगर निगम परिषद की बैठक में अगले 1 साल में शहर में किए जाने वाले कामकाज पर चर्चा की जाना थी। शहर की खराब हो चुकी सड़क, नई बनने वाली सड़क ड्रेनेज की लाइन और पानी की समस्या पर पार्षदों के बीच में विचार मंथन होना था और शहर के नागरिकों को किस तरह से इन समस्याओं से मुक्ति दिलाई जाए इस पर चिंतन होना था लेकिन ऐसा कुछ नहीं हो सका। इस बैठक में तो ईरान-इजरायल युद्ध, अमेरिका की नीति, वंदे मातरम सहित बहुत सारे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दे को लेकर हंगामा हुआ। कभी माफी मांगो तो कभी मोदी मोदी के नारे लगते रहे।

बैठक के दौरान यह स्पष्ट नजर आ रहा था कि भाजपा के पार्षद शहर के मुद्दों पर चर्चा करने के बजाय कांग्रेस को घेरने का काम करने में लगे हुए हैं। हो सकता है कि इन पार्षदों के पास संगठन की ओर से इस तरह का कोई निर्देश हो। यह कितना बड़ा मजाक है कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा बजट भाषण दिए जाने के बाद कल की बैठक में पहले तो प्रश्न काल के दौरान हल्ला गुल्ला हंगामा होता रहा। उसके बाद जब नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे का भाषण शुरू हुआ तो उस भाषण में ऐसा हंगामा हुआ की बैठक ही समाप्त हो गई। वैसे भी बजट पर चर्चा करने के लिए केवल कल का दिन था। निगम के द्वारा हमेशा परिषद की बैठक दो दिन की ही रखी जाती है। कल के इस दूसरे दिन में आधा दिन तो पार्षदों के प्रश्न और उसके उत्तर में चला गया। बचा हुआ आधा दिन चर्चा होती तो वह हंगामा में चला गया और समय से पहले ही बैठक समाप्त हो गई।

### भागीरथपुरा से परेशान थी भाजपा

बजट बैठक के पहले दिन जिस तरह से भागीरथपुरा के नागरिकों ने आकर निगम परिषद की बैठक में हंगामा किया था और कांग्रेस ने उनका समर्थन किया था उस स्थिति से बीजेपी परेशान थी। यही कारण है कि भाजपा के द्वारा कल उसका काउंटर किया गया। भाजपा के पार्षदों ने कहा कि भागीरथपुरा के लोगों को लाकर हंगामा कराने का काम चिंटू चौकसे ने किया है। उन्हें अपने इस काम के लिए माफी मांगना चाहिए। चिंटू ने भी कह दिया कि कांग्रेस भागीरथपुरा के लोगों के साथ कल भी थी आज भी है और कल भी रहेगी। यहीं से शुरू हुआ हंगामा कब मोड़ लेते हुए बैठक समाप्त करने तक पहुंच गया किसी को पता ही नहीं चल सका।

# विधायक के आश्वासन के बाद भी शराब दुकान पर डटे रहे रहवासी





## रात को किया सुंदरकांड पाठ कहा जब तक दुकान खाली नहीं होगी तब तक विरोध जारी रहेगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मालवामिल चौराहे के समीप न्यू देवास रोड पर कल सुबह जब रहवासियों को शराब दुकान खुलने की भनक लगी तो वे विरोध करने सड़क पर उतर आए और चक्काजाम किया। शाम को यहां क्षेत्रीय विधायक पहुंचे,उन्होंने यही से फोन पर जिम्मेदारों से चर्चा कर दुकान नहीं खोलने को कहा। लेकिन रहवासियों ने विरोध जारी रखा और डटे रहे।

न्यू देवास रोड स्थित सुंदरवाड़ा, लाल बंगला,पंडितजी की चाल के अलावा न्यू देवास रोड के रहवासियों ने कल शराब दुकान खुलने की भनक लगते ही विरोध कर चक्काजाम किया। रहवासियों के विरोध के बीच शाम को क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हडिया मौके पर पहुंचे, उन्होंने रहवासियों से बात की। इसके बाद शराब दुकान को लेकर कलेक्टर को फोन लगाए और इस दुकान को नहीं खोलने को कहा। इसके बाद विधायक और आबकारी अधिकारियों के बीच शराब दुकान नहीं खोलने की बात पर मौखिक सहमति बनी।

इसके बाद हार्डिया ने रहवासियों को कहा कि अब दुकान नहीं खुलेगी। लेकिन रहवासी यहीं पर डटे रहे। उनका कहना था कि जब तक दुकान में रखा सामान बाहर नहीं निकाल लिया जाता है, तब तक वह नहीं हटेंगे। वो रहवासियों ने बीती रात यहां पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया।

### नजर बनाए हुए है रहवासी

रहवासी विकास जैन ने बताया कि विधायक हार्डिया ने आश्वस्त किया है कि यह दुकान नहीं खुलेगी,लेकिन फिलहाल रहवासी शराब दुकान पर नजर बनाए हुए हैं। जब उसमें से समान निकल जाएगा या रहवासी को शटर खोलने के बाद स्पष्ट हो जाएगा कि अब दुकान नहीं खुल रही है उसके बाद ही हटेंगे। फिलहाल शराब दुकान के सामने रहवासी नजर गड़ाए बैठे हैं।

### एनटीसी ने भी की शिकायत

बताया जा रहा है जिस जमीन पर शराब दुकान खुलने वाली थी, वह जमीन नेशनल टैक्सटाइल कॉरपोरेशन के अंतर्गत आती है। ऐसे में सरकारी जमीन पर शराब दुकान नियमों के विरुद्ध खोलने की तैयारी थी। इसको लेकर एचटीसी की इंदौर शाखा ने भी कलेक्टर को लिखित शिकायत की है।

# मनमाड-इन्दौर रेल परियोजना बैठक में सुझाव

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इन्दौर-मनमाड रेल लाइन परियोजना को लेकर दिल्ली में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में परियोजना कार्य को गति देने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव रखे गए। बैठक में जुलवानिया में रेलवे यार्ड निर्माण का प्रस्ताव रखते हुए



कार्य को तीन भागों में विभाजित कर शीघ्र पूरा कराने का सुझाव दिया गया। बताया गया कि मनमाड-इन्दौर संघर्ष समिति प्रमुख मनोज मराठे ने पिछले दिनों आयोग अध्यक्ष से भेंट कर विस्तृत सुझाव पत्र सौंपा था। उसी सुझाव पत्र के आधार पर आयोग अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य ने बैठक में इन बिंदुओं को रेलवे बोर्ड के समक्ष रखा और परियोजना कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया। गौरतलब है कि पूर्व में भी आयोग अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य के प्रयासों से इस महत्वपूर्ण रेल परियोजना को आर्थिक मंजूरी प्राप्त हो चुकी है, जिससे परियोजना को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हुआ था। बैठक में परियोजना को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने, निर्माण कार्य अलग-अलग हिस्सों में प्रारंभ करने तथा प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक रेलवे अधोसंरचना विकसित करने पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि रेल लाइन का कार्य तय समयसीमा में पूर्ण करने के प्रयास किए जाएंगे। जुलवानिया क्षेत्र में रेलवे यार्ड बनने से ट्रैफिक संचालन सुगम होगा तथा स्थानीय व्यापार, रोजगार और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। लगभग 306 किलोमीटर लंबी इन्दौर-मनमाड रेल परियोजना निमाड़ अंचल सहित मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच सीधा रेल संपर्क स्थापित करने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

# 85 पार्षदों ने पूछे 35 प्रश्न, 4 घंटे चली सदन की कार्रवाई 8 सवालों का मिला जवाब

## 2 दिन के बजट सम्मेलन के लिए खर्च हुए तीन लाख शहर विकास को छोड़कर सभी मुद्दों पर हुई चर्चा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इंदौर नगर निगम के बजट को साल 2045 की जरूरत को पूरा करने की दृष्टि से बनाया है साथ ही आगामी समय में इंदौर शहर मेट्रोपॉलिटन शहर के रूप में विकसित होगा इस दृष्टि से भी उनकी सोच बजट में होने की बात उन्होंने कही है। 2 दिन से बजट की कार्यवाही का लाइव प्रसारण किया जा रहा था कि शहर के लोग भी यह देख सकें कि किस प्रकार से उनके चुने हुए जनप्रतिनिधि उनकी समस्याओं के लिए सदन में अपनी बात रख रहे हैं लेकिन शहर वासियों को कल की कार्यवाही से बड़ी निराशा हाथ लगी है क्योंकि नगर निगम बजट के बाद सभी जनप्रतिनिधियों को अपना कर्तव्य पूरा करते हुए शहर वासियों की समस्या और सुझावओ को सदन में रखकर यह तय करना था कि आगामी समय में किस प्रकार से इन्हें हल किया जा सकता है।

### विकास की बजाय अमर्यादित शब्द सुनने को मिले

नगर निगम बजट बहस बुधवार को लगभग 4 घंटे से अधिक समय तक चली लोग सोच रहे थे कि बजट में शहर की सड़कों को सुधारने, एमओएस टैक्स को लागू नहीं करने, गंदे पानी की समस्या, गड्ढे भरने, नदी सफाई, पुरानी कचरा गाड़ियों को बदलने, सहित शहर के लिए कोई नई प्लानिंग पर जनप्रतिनिधि चर्चा करेंगे लेकिन बजट चर्चा में लोगों को माफी मांगो के नारे, गद्दार, ईरान, वंदे, मातरम गाने से इंकार, इस्लाम, लव जिहाद, गुंडा, कुत्तों की तरह मत भोको, एक बाप की औलाद जैसे शब्द सुनने को मिले।

### बजट सम्मेलन पर दो दिनों में तीन लाख खर्च

सूत्रों के मुताबिक नगर निगम बजट परिषद की आयोजन को पहले निजी होटल में किया जाता था इसके बाद नगर निगम के परिषद हाल में 2 सालों से यह आयोजन किया जा रहा है इसके पहले निजी होटल में आयोजन पर लगभग 500000 से अधिक दो दिनों में खर्च हुआ करते थे लेकिन यह खर्च घटकर अब 300000 हो गया है। यह खर्च जनता के टैक्स के पैसे से हुआ लेकिन शहर हित में डेढ़ घंटे भी कोई बात सदन के अंदर नहीं चल सकी। 4 घंटे चली कार्रवाई में केवल 3 घंटे तक हंगामा होता रहा। भाजपा और कांग्रेस के जनप्रतिनिधि एक दूसरे से माफी और खेद प्रकट करवाने के लिए समय बर्बाद करते हुए हंगामा करते रहे।

### संभाग आयुक्त को पत्र लिखने पर जल्द निर्णय

बात वंदे मातरम गाने तक पहुंच गई और आगे वही सब कुछ हुआ जो भारत की संसद में भी हो रहा है। इधर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने वंदे मातरम नहीं गाने वालों और सदन में देशवासियों और देश का अपमान करने वाले पार्षदों पर कानूनी कार्रवाई करने के लिए संभाग आयुक्त को पत्र लिखने की बात कही है। महापौर ने कहा कि सदन में दो कांग्रेसी पार्षदों का आचरण आपत्तिजनक था उनके द्वारा सभापति, सदन और 140 करोड़ देशवासियों की भावनाओं का अपमान करने का दोष सिद्ध होता है।

### हर कार्रवाही देंगे जवाब

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्षद रुबीना इकबाल खान और फोजिया शेख अलीम, के सदन में आचरण को लेकर कांग्रेस भी हमसे नाराज है। जल्द ही कोई कार्रवाई हो सकती है वहीं पार्षदों का स्पष्ट रूप से कहना है कि जोर जबरदस्ती से हम धर्म विरोधी काम नहीं कर सकते। संविधान में धार्मिक स्वतंत्रता हमें भी दी गई है, कोई एक्शन लिया जाता है तो जवाब दिया जाएगा।

# नवकार महामंत्र के आयोजन में हजारों जैन समाजजन


अभय प्रशाल


राजेन्द्र नगर


छावनी जिनालय

## अभय प्रशाल में बड़ा आयोजन, जिनालयों में भी हुए धार्मिक कार्यक्रम

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विश्व नवकार दिवस के उपलक्ष्य में आज सामूहिक नवकार महामंत्र का बड़ा आयोजन अभय प्रशाल में सुबह करीब एक घंटे किया गया। इस आयोजन में श्वेताम्बर और दिगम्बर जैन समाजजन उपाश्रय स्थानक संगठन के पदाधिकारी सदस्य भी शामिल हुए। जीतो इंदौर चैप्टर के बैनर तले हुए आयोजन में बहुत बड़ी संख्या में अभय प्रशाल में जैन समाजजन मौजूद रहे। ज्यादातर जैन जिनालयों में आज विश्व नवकार दिवस पर नवकार महामंत्र के आयोजन हुए। श्री चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर राजेन्द्र नगर मे नवकार महामंत्र का जाप दिगम्बर और श्वेताम्बर जैन समाजजनों ने किया। कैलाश पाटनी ,माणक चौधरी,डॉ सुधीर कटॉरिया,दीपक पाटनी,राजेश तेजावत, विकास जैन, मुकेश पाटनी,राजेश झामड,सुनिल चौधरी,अनिल जैन, मीना पाटनी,सुषमा चौधरी,वंदना जैन,विनिता पाटनी,श्रुति जैन,विधी बडजात्या,नीता भंसाली मौजूद थे।

वहीं श्री अनन्तनाथ जिनालय छावनी में प्रातः विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर विश्व कल्याण के लिये नवकार महामंत्र का 108 बार विभिन्न शास्त्रीय रागों में सस्वर पाठ किया गया। एनके जैन ने उक्त जानकारी दी।



## विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन के गुर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आईपीएस अकादमी, इंदौर के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड साइंस के वेलनेस सेंटर के अंतर्गत एक विशेष वेलनेस प्रोग्राम से विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और भावनात्मक संतुलन के प्रति जागरूक करना था। राजेन्द्र शर्मा, प्रो. राजीव शुक्ला, रोशिता थामस, सुरभि पंड्या, डॉ. अनिल सिंहवी, डॉ. तापती रॉय यादव मौजूद थे।

## राजेन्द्र माथुर को याद किया




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर प्रेस क्लब के प्रथम अध्यक्ष राजेंद्र माथुर की आज पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश भार्गव ने भी माल्यार्पण कर माथुर को याद किया। आज प्रेस क्लब भी अपना स्थापना दिवस मना रहा है और माथुर को भी याद कर रहा है।

## सेन समाज कर रहा है पालकी और ध्वज यात्रा की तैयारी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सेन समाज द्वारा संत शिरोमणी सेन महाराज की पालकी यात्रा अन्नपूर्णा रोड से निकाली जाना है। इस यात्रा को लेकर मालवी गुजराती सेन समाज' एवं 'सनातनी सेन समाज' द्वारा तैयारी की जा रही है। बैठक के आयोजन भी हो रहे हैं। उक्त जानकारी सुभाष वर्मा ने दी।



## राजस्व अभियान की समय सीमा 25 अप्रैल तक बढ़ाई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर जिले के नागरिकों की राजस्व संबंधी समस्याओं और प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं राजस्व अभिलेखों को अद्यतन करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण जिले में चलाये जा रहे विशेष राजस्व अभियान की अवधि को 25 अप्रैल तक बढ़ाया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में राजस्व अभियान 30 मार्च तक आयोजित होना था।



## लोधा समाज ने मुख्यमंत्री से की अनुदान राशि के लिए मुलाकात

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लोधा समाज शिक्षा फाउंडेशन प्रतिनिधि मंडल द्वारा समाज के निर्माणाधीन शिक्षा भवन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से समाजजनों ने मुलाकात कर अनुदान राशि के लिए आग्रह किया। इस शिक्षा भवन में होस्टल और कोचिंग संस्थान रहेंगे। इस दौरान विधायक प्रेमशंकर वर्मा, सत्यनारायण लववंशी, रामगोपाल लववंशी, महेश लववंशी, रामकिशोर लोवंशी, देवदास पुष्पराज लोवंशी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने आम्बेडकर नगरी पहुंचकर लिया आयोजन के लिए जायजा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को डॉ. अम्बेडकर नगर महू में स्थित उनकी जन्मस्थली पर बने भव्य स्मारक में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन की व्यापक तैयारियां जारी है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने डॉ. अम्बेड्कर नगर महू पहुँचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सभी तैयारियां कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन, शीतल पेयजल आदि की विशेष व्यवस्था की जाएगी। जन्म स्थली पर बने भव्य स्मारक पर विशेष साज-सज्जा की जाएगी। फूलों और विद्युत रोशनी से सजावट होगी। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला 12 अप्रैल से ही शुरू हो जाएगा।

## दीक्षित का सम्मान

**इंदौर।** भाजपा में एडवोकेट आदित्य दीक्षित को प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट में सह प्रवक्ता का दायित्व मिलने पर भाजपा नेताओं ने दीक्षित का सम्मान कर बधाई दी।



# आज से शुरू हुआ पोषण पखवाड़ा

## 'बच्चों के मस्तिष्क विकास पर रहेगा विशेष फोकस'

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**प्रदेश में 9 से 23 अप्रैल तक 8वां 'पोषण पखवाड़ा' आज से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में इंदौर में भी आंगनवाड़ी केंद्र और समुदाय स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कार्यक्रम शुरू हुए। इस पखवाड़ा में पोषण पर चर्चा कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।**

मुख्य रूप से मातृ एवं शिशु पोषण, जन्म से 3 वर्ष तक मस्तिष्क विकास के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन, 3 से 6 वर्ष तक खेल आधारित शिक्षा, बच्चों में स्क्रीन टाइम कम करने में परिवार और समुदाय की भूमिका तथा सशक्त आंगनवाड़ी निर्माण में सामुदायिक सहयोग जैसे विषयों पर गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। वैज्ञानिक तथ्यों के अनुसार मानव मस्तिष्क का लगभग 85 प्रतिशत विकास जन्म से 6 वर्ष की आयु तक हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पोषण पखवाड़े में परिवारों और समुदायों में ऐसे व्यवहारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा, जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को मजबूत बनाते हैं। अभियान के तहत विभिन्न तिथियों पर गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर, पोषण संबंधी कहानी वाचन, दादी-नानी के अनुभव साझा कार्यक्रम, स्थानीय खाद्य सामग्रियों से पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता, जंक फूड के दुष्प्रभावों पर जागरूकता रैली, बच्चों के विकासात्मक मील के पत्थरों की पहचान अभियान तथा माता-पिता के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा बच्चों में स्क्रीन टाइम कम करने, खेल आधारित सीखने, माता-पिता की भागीदारी बढ़ाने तथा सामुदायिक सहयोग से आंगनवाड़ी केन्द्रों को मजबूत बनाने के लिए भी विशेष गतिविधियाँ होंगी।



# ग्रामीण क्षेत्र में निकली कलश यात्रा

## संत लेंगे कल दोपहर से तीन दिनों की भूसमाधि

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ग्राम तिल्लौर खुर्द से पिपलिया लोहार स्थित खेड़ापति आश्रम तक कलश यात्रा निकाली। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कलश यात्रा में वाहन और झांकियां भी शामिल थी। महामंडलेश्वर राजगुरु महाराज का अभिनंदन किया। राजगुरु महाराज द्वारा 10 अप्रैल को दोपहर 12:45 बजे से 72 घंटे की तीन दिवसीय भू-समाधि साधना ग्रहण की जाएगी, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्सुकता बनी हुई है। उक्त जानकारी बीडी तिवारी ने दी।

# टीईटी परीक्षा के विरोध मे उतरे शिक्षक



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा अपने घटक दलों द्वारा टीईटी परीक्षा के विरोध में बडी संख्या में शिक्षकों के साथ रैली के रूप में विरोध जताने कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां अधिकारी रोशन राय को ज्ञापन दिया गया। यह भी बताया गया कि प्रदेश के 5 लाख शिक्षक अपने परिवार की रोजी-रोटी छिनने के डर से तनाव में है और शिक्षकों में आक्रोष भी है। इस दौरान के.के.आर्य, शिल्पी शिवान, संजय सेन, शिव वीरसिह भदौरिया, हिमांशु तिवारी, अमरीश शर्मा, मनीष कदम, अनुराग तिवारी, शिव सोनी मौजूद थे।

# वकीलों को तीन माह के लिए काले कोट से छूट मिलेगी...

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अभिभाषक संघ,इन्दौर के 'पूर्व-अध्यक्ष' गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मध्यप्रदेश के सभी जिला न्यायालयों में सभी अभिभाषकगण इस माह की 15-अप्रैल से 15-जुलाई तक बिना काला कोट पहने पैरवी कर सकते हैं।भीषण- गर्मी को देखते हुए स्टेट बार काउंसिल ने प्रदेशभर के वकीलों को तीन माह के लिए काले कोट से छूट देने का फैसला लिया है। वकीलों को काफी राहत महसूस होगी। कचोलिया के मुताबिक मप्र स्टेट बार काउंसिल ने एक फरमान जारी किया है। इसमें बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमों में काला कोट की पोशाक पहनने की बाध्यता सम्बन्धी नियम को शिथिल किया गया है।

# महिलाओं ने करवाया स्वास्थ्य शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बघेरवाल महिला प्रकोष्ठ मालवा प्रांत और लिनेश क्लब तेजस्वीनी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पितृ पर्वत स्थित ओमानंद योग आश्रम में आयोजित किया। सैकडों ने स्वास्थ्य जांच कराई। इति जैन ने बताया कि कार्यक्रम में स्वामी अविनाश शास्त्री अतिथि थे। डॉ. ऋषभ चौहान, डॉ. कुणाल गुप्ता, डॉ. इशिता गांगुली, डॉ. सुनील जाजपुरिया ने जांच कर सेवा कार्य किया। साथ ही नर्सिंग स्टाफ रिया चंद्रवंशी, रविंद्र सिंह सेंधव, निलेश घोड़ेला ने बीपी व शुगर जांच में सहयोग किया।





# संत ईश्वर शाह का होगा दो दिवसीय प्रवास

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संत सतगुरु बाबा ईश्वर शाह का 11 और 12 अप्रैल को धार्मिक प्रवास रहेगा। शुभ कारज गार्डन में सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आयोजन को लेकर सिंधी समाजजनों ने बैठक का आयोजन किया। राजा मांधवानी, नरेश फुंदवानी, कंचन गिदवानी, अजय सीतलानी, राजेन्द्र सचदेव, भागचंद पुरस्वानी सहित अन्य मौजूद थे।

# अभ्यास मंडल की ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला अगले माह

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हर वर्ष अभ्यास मंडल ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला लगाता है, प्रेस क्लब में व्याख्यानमाला को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में 16 से 21 मई तक जाल सभागृह में होने वाली व्याख्यानमाला के ,विषयों एवं वक्ताओं के नामो पर चर्चा की गई। व्याख्यानमाला के लिए लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज सिन्हा, श्यामसुंदर ज्यानी पर्यावरणविद, यूएलओ से सम्मानित डॉ माधुरी कानिटकर कुलपति महाराष्ट्र स्वास्थ विज्ञान विश्वविद्यालय की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी हैं कई वक्ताओं से संपर्क जारी हैं। बैठक में उपस्थित विभिन्न , पर्यावरणविदों ,शिक्षाविदों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने पर्यावरण, युद्ध को लेकर भारत में पड़ रहे आर्थिक प्रभाव, साहित्य ,मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर वक्ताओं को आमंत्रित करने के सुझाव दिए। रामेश्वर गुप्ता, मालासिंह ठाकुर, वैशाली खरे, डॉ. मनीषा गोर, डॉ. गौतम कोठारी, मुकेश तिवारी, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, अशोक जायसवाल ,मनीष भालेराव, लक्ष्मीकांत पंडित, अरविंद पोरवाल, संदीप खानविलकर, शबीर हुसैन ,पर्यावरणविद डॉ दिलीप वाघेला ,डॉ एस एल गर्ग, इसाक चौधरी, राजेंद्र जैन, शाम पांडे हरेराम वाजपाई,कुणाल भंवर, य़श जायसवाल, अजय सिंह तोमर मौजूद थे।



# बंजारा समाजजनों ने किए सकोरे वितरित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बंजारा जन -विकास सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष प्रकाश मानावत ने बताया कि धार रोड स्कूल में विश्व बंजारा दिवस पर सेवा दिवस के रूप में विद्यार्थियों को जल बचाओ अभियान की शपथ के साथ भीषण गर्मी में पक्षियों को दाना-पानी के लिए सकोरे वितरित किये गए। विद्यार्थियों को घरों में सकोरे रखने का संकल्प दिलाया गया।



# माहेश्वरी 140 घर थोक ने किया सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** माहेश्वरी डीडवाना 140 घर पंचायती थोक के अध्यक्ष पवन भलिका एवं रमेश चितलांग्या ने बताया कि माहेश्वरम के निर्वाचन में निर्वाचित पदाधिकारियों ओमप्रकाश पसारी, कृष्णवल्लभ मुछाल, संजय मानधन्या, गोपाल कासठ का सम्मान किया गया।

# जल स्त्रोतों सेवा समागम



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** म प्र जनअभियान परिषद् नवांकुर संस्था निखिलेश्वर सेवा समिति द्वारा सेक्टर बुरानाखेड़ी के चौहानखेड़ी ग्राम में 'गंगा जल संवर्धन अभियान' के अंतर्गत जल स्त्रोतों सेवा समागम कार्यक्रम में ग्राम से गुजरने वाली शिप्रा नदी के साफ सफाई का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।सुमन रमेश महानंद, प्रीति माहेश्वरी, उमेश उमट, राहुल चौहान, मुकेश चौधरी, अंतरसिंह चौहान, परमानंद सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा 'ग्राम कबिटखेड़ी में आपदा प्रतिरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को सीपीआर देने की विधि का प्रायोगिक प्रदर्शन किया, जो दिल का दौरा पड़ने जैसी स्थिति में जान बचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही आगजनी, बाढ़, भूकंप, सुनामी,चक्रवात, सूखा बिजली का करंट लगने, भूकंप और सर्पदंश (सांप के काटने) जैसी विषम परिस्थितियों में किए जाने वाले बचाव कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अमित शाह,सुनील सराठे, प्रवेश शर्मा, रंगपाल सिंह ने अपनी भूमिका निभाई।



# बैरवा समाज धर्मशाला से विकास नगर तक बड़े हिस्से में हो गई डामर की नई सड़क तैयार




### इधर,सावरकर चौराहे से आगे तैयार नई पुलिया तक खुदाई कर हो रहा 60 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** नेहरू नगर क्षेत्र में बैरवा समाज धर्मशाला के पास से लेकर भीतर तक विकास नगर गार्डन तक लंबे समय से ऊबड़ - खाबड़ सड़क की बजाय अब नई डामर की चमचमाती सड़क तैयार हो गई है। जिससे यहां से दिन - रात गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। दरसअल अभी तक ऊबड़ खाबड़ सड़क के कारण यहां से निकलने वाले लोगों की हालत खराब हो रही थी।

यही नहीं दूसरी तरफ पायलट प्रोजेक्ट के तहत लंबे समय से मंजूर शहर की 23 प्रमुख सड़कों के निर्माण में शामिल होने के बाद भी यहां काम शुरू नहीं होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि अब पिछले दिनों संबंधित ठेकेदार कंपनी द्वारा वीर सावरकर जंजीर वाला चौराहे से अटल द्वार तक बनने वाली मुख्य सड़क के निर्माण के तहत कचरा स्टेशन के पास हाल ही में तैयार हुई नई पुलिया के आगे करीब 100 मीटर हिस्से में खुदाई कर 60 फीट चौड़ी सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य शुरू कर दिया है।

**इसी साल दिवाली से पहले हो जाएगी नई 60 फीट चौड़ी सड़क तैयार-** यही नहीं यहां काम शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि अब इसी साल दीपावली से पहले क्षेत्र के रहवासियों को सालों बाद नई लंबी - चौड़ी सड़क की सौगात मिल सकती है। जिसके बनने के बाद बड़ा फायदा यह होगा कि लोगों को यहां आए दिन लगने वाले ट्रैफिक जाम से भी बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही एलआईजी से पाटनीपुरा तक मुख्य सड़क पर भी ट्रैफिक का दबाव कम होगा। साथ ही इसका फायदा मालवामिल से पाटनीपुरा और भमोरी शॉर्टकट लेकर लिंक रोड से जाने वाले हजारों वाहन चालकों को भी मिलेगा।

## संजीवनी नगर से गणराज नगर क्षेत्र में लाखों रुपए खर्च कर डलेगी नई लाइनें

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 41 में स्थित संजीवनी नगर मकान नंबर 9 से लेकर गणराज नगर 52/9 तक बड़े हिस्से में एवं गणनायक नगर और सोनिया पैलेस क्षेत्र की क्षतिग्रस्त जल निकासी लाइनों की बजाय अब निगम यहां जल्द नई लाइनें बिछाने का काम शुरू करेगा। जिसके अंतर्गत निगम यहां करीब 25 लाख रुपए से ज्यादा खर्च कर क्षेत्र के बड़े हिस्से में सालों पुरानी पानी की लाइन बदलकर क्षेत्र के रहवासी परिवारों को बड़ी राहत देगा।

**वार्ड 41 के बड़े क्षेत्र में गंदे पानी की शिकायत होगी दूर**

### आधा दर्जन कालोनी के लोग लंबे समय से कर रहें थे नई लाइन डलवाने की मांग

यही नहीं विधानसभा पांच के अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 41 से जुड़ी क्षेत्र की कालोनी गणराज नगर, संजीवनी नगर, गणनायक नगर और सोनिया पैलेस कालोनी क्षेत्र के लोग लंबे समय से विधायक महेंद्र हार्डिया से यहां गंदे पानी की शिकायत दूर कर पानी की नई लाइन बिछाने की मांग कर रहे थे। वहीं इधर विधायक हार्डिया के लगातार प्रयासों से अब गर्मी के सीजन में बेहद जल्द क्षेत्र के लोगों को आने वाले दिनों में पीने के पानी के संकट से राहत मिलने वाली है। साथ ही लंबे समय से गंदे पानी की शिकायत भी अब दूर हो जाएगी। वहीं अब क्षेत्र के लोगों को भविष्य में अपने घरों में आने वाला पीने के लिए एकदम साफ पानी मिलेगा। बताया जा रहा है कि निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होते ही यहां अगले माह में हाथों-हाथ काम भी शुरू हो जाएगा। जिसको लेकर निगम ने अपनी और से तैयारियां शुरू कर दी है।

# सफेद मंदिर से आईटीआई स्क्वायर तक अब दूर होगी बदहाली

### लंबे समय से बंद सेंट्रल लाइटिंग की बजाय अब नई लाइटिंग लगाकर होगी जगमगाहट

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा 2 के अंतर्गत आने वाले परदेशीपुरा क्षेत्र में सफेद मंदिर से लेकर आईटीआई स्क्वायर तक लंबे समय से बड़े हिस्से की बंद सेंट्रल लाइटिंग की बजाय अब निगम यहां आकर्षक डिजाइन वाली नई लाइटिंग लगाकर जगमगाहट करेगा। यही नहीं इससे क्षेत्र के इस प्रमुख मार्ग पर खासकर सफेद मंदिर आने - जाने वाले भक्तों के साथ यहां से गुजरने वाले लोगों को भी नई लाइटिंग लगने का फायदा मिलेगा।



सजावटी रिंग पोल लगाकर कनकेश्वरी देवी मंदिर से ज्ञानसिंह प्रतिमा तक होगा सौंदर्यकरण का काम जिसके अंतर्गत निगम द्वारा कनकेश्वरी देवी मंदिर से ज्ञानसिंह प्रतिमा चौराहे तक रोशनी के लिए लाखों रुपए खर्च कर डिजाइन वाले आकर्षक सजावटी रिंग पोल लगाकर मुख्य मार्ग के पूरे क्षेत्र में रोशनी को लेकर काम शुरू करेगा। यही नहीं इस काम को लेकर क्षेत्रीय रहवासियों और व्यापारियों की मांग पर जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार प्रयास कर निगम से यहां की फाइल मंजूर करवाई गई। वहीं अब यहां आने वाले दिनों में अगले माह में निगम द्वारा विशेष रोशनी की व्यवस्था कर जगमगाहट करने की तैयारी शुरू की जा रही है। जिसके तहत क्षेत्र में लंबे समय से सेंटल लाईटिंग की केबल खराबी से लेकर बंद और टूटी - फूटी सालों पुरानी लाइटिंग बदलकर बंद सेंट्रल लाइटिंग की बजाय आकर्षक डिजाइन वाले रिंग पोल वाली लाइटिंग लगाने की तैयारी की जा रही है। जिसको लेकर वर्तमान में टेंडर संबंधित प्रक्रिया शुरू होने के बाद कहा जा रहा है कि अगले माह तक जल्द लाइटिंग लगाने का कार्य भी हाथों - हाथ शुरू हो जाएगा।

# श्रीमंगल नगर और आसपास के बगीचों का अब लाखों रुपए खर्चकर दूर होगा अंधेरा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा 5 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 50 में श्रीमंगल नगर सहित आसपास के लगभग आधा दर्जन बगीचों में अब कहीं भी अंधेरा नजर नहीं आएगा। इसके लिए इंदौर नगर निगम द्वारा लंबे समय के बाद क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर वार्ड 50 के अंतर्गत आने वाले प्रमुख क्षेत्र के करीब आधा दर्जन बगीचों और गलियों में लंबे समय से बंद पड़ी पुरानी और खराब लाइटिंग की बजाय नई आकर्षक डिजाइन वाली रिंग पोल वाली लाइटिंग लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। क्षेत्रिय पार्षद राजीव जैन ने बताया बगीचों के विकास और सौंदर्यकरण योजना के अंतर्गत लंबे समय से मंजूर फाइल के तहत टेंडर संबंधित प्रक्रिया



शुरू हो चुकी है। वहीं इसके बाद अब निगम द्वारा आने वाले दिनों में वार्ड के पॉश एरिया श्री मंगल नगर के बड़े गार्डन के साथ आसपास में पिपलियाना क्षेत्र के अन्य बगीचों में भी पिछले कई दिनों से खराब पड़ी आधी से ज्यादा बंद लाइटिंग को बदलकर क्षेत्रीय रहवासियों की मांग पर यहां टेंडर संबंधित निविदा प्रक्रिया के बाद बेहद जल्द नई आकर्षक डिजाइन वाली लाइटिंग लगाने की तैयारी भी शुरू कर दी है ताकि क्षेत्र के रहवासियों को निगम के सहयोग से क्षेत्र में जहां जितनी और जैसी जरूरत है वहां उस हिसाब से लाइटिंग लगाने का काम शुरू होगा। ताकि लोगों को इस गर्मी के मौसम में मुख्य मार्ग पर आने-जाने में सुविधा होगी।

# वार्ड 78 के नालंदा परिसर में ब्लॉक नंबर 1 से 2 तक सभी गलियों में महीनों से क्षतिग्रस्त सड़कों की बजाय बनेगी नई सीमेंटेड सड़कें

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** राऊ विधानसभा के अंतर्गत बिजलपुर क्षेत्र के नालंदा परिसर में ब्लॉक नंबर 1 से लेकर दो तक करीब आधा दर्जन से ज्यादा गलियों में लंबे समय से क्षतिग्रस्त सालों पुरानी सड़कों की बजाय अब निगम क्षेत्रीय पार्षद ओमप्रकाश आर्य के प्रयासों से नई सीमेंटेड सड़कों का नव निर्माण करने जा रहा है। यही नहीं इस कार्य के लिए इंदौर नगर निगम द्वारा बकायदा टेंडर संबंधित निविदा प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा वार्ड की पॉश कालोनी नालंदा परिसर में 44 लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर क्षेत्र के रहवासी परिवारों के लिए नई सीमेंटेड सड़कों की सौगात देने की तैयारी है।

### विधायक और पार्षद से महीनों से कर रहे थे क्षेत्र के लोग मांग

यही नहीं बिजलपुर क्षेत्र की पॉश कालोनी नालंदा परिसर के लोग लंबे समय से क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा और पार्षद ओमप्रकाश आर्य से लोग लगातार मांग कर रहे थे कि अब जल्द से जल्द हमारे क्षेत्र में महीनों से अलग-अलग कारणों से क्षतिग्रस्त पड़ी सालों पुरानी सड़क के बजाय अब नई सीमेंटेड सड़क कब तैयार होगी। पार्षद ओपी दादा आर्य ने बताया नालंदा परिसर ब्लॉक 1 और 2 क्षेत्र में पिछले साल नर्मदा लाइन और ड्रेनेज लाइन डालने के कारण लंबे समय से जगह - जगह से सड़कें खराब हो रही थी। जिसके कारण परिसर में रहने वाले लोगों को लंबे समय से परेशानी हो रही थी। जिसको लेकर लोग लगातार शिकायत भी कर रहे थे। वहीं हमारे क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा के प्रयासों से अब यहां की सड़क सुधार और निर्माण को लेकर फाइल मंजूरी के बाद अब आने वाले दिनों में यहां नई सड़क निर्माण शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

## संपादकीय

# युद्धविराम के बाद नया दौर तेल, गैस और वैश्विक बाजार पर असर की भविष्यवाणी

यह बात महत्वपूर्ण है कि इससे पहले अमेरिका की ओर से दिए गए समझौता प्रस्ताव को ईरान ने सिरे से खारिज कर दिया था। अब जिस प्रस्ताव पर युद्धविराम को लेकर सहमति बनी है, वह ईरान की ओर से पेश किया गया है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच शांति की राह खुलने से एक नई उम्मीद जगी है। एक माह से अधिक समय तक वार-पलटवार के बाद आखिरकार दोनों पक्ष दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। ऐसे संकेत दिए जा रहे हैं कि शुक्रवार से पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच समझौते को लेकर वार्ता शुरू हो सकती है। इस फैसले से दुनिया के उन देशों को भी फिलहाल राहत महसूस हो रही है, जिनका इस युद्ध से सीधे तौर पर कोई संबंध नहीं हैं, लेकिन होर्मुज जलमार्ग बाधित होने से उनके यहां तेल और गैस का संकट पैदा हो गया है। युद्धविराम के एलान का तात्कालिक असर यह हुआ कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के बढ़े दामों में अठारह फीसद की गिरावट दर्ज की गई। इससे निश्चित तौर पर तेल और गैस की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी, लेकिन सवाल है कि क्या युद्धविराम स्थायी शांति में तब्दील हो पाएगा? यह प्रश्न इसलिए अहम है, क्योंकि खबरों के मुताबिक ईरान ने अपने प्रस्ताव में जो शर्तें रखी हैं, उन पर आम सहमति कायम करना आसान नहीं होगा। गौरतलब है कि अमेरिका और इजराइल की ओर से 28 फरवरी को ईरान पर हमले के साथ ही युद्ध का बिगुल बज गया था। इसका असर सिर्फ युद्ध में शामिल पक्षों तक ही सीमित नहीं रहा। खाड़ी देशों को जहां ईरान के मिसाइल हमलों का सामना करना पड़ा, वहीं भारत समेत कई अन्य देशों में तेल एवं गैस का संकट खड़ा हो गया। ईरान ने रणनीति के तहत हार्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध कर दिया, जिससे वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रभावित हुई। इस कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में उछाल से कई देशों में पेट्रोल-डीजल, एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतें बढ़ गईं। अब दो सप्ताह की युद्धविराम की घोषणा से कुछ राहत जरूर मिलेगी, लेकिन उसके बाद भी हालात सामान्य रह पाएंगे या नहीं, इस संबंध में अभी अनिश्चितता बरकरार है। ऐसा इसलिए, क्योंकि दोनों पक्षों की ओर से बातचीत की शर्तों को लेकर अभी कोई स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। समझौता वार्ता में किस स्तर के प्रतिनिधि शामिल होंगे, इसका खुलासा भी अभी नहीं किया गया है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इससे पहले अमेरिका की ओर से दिए गए समझौता प्रस्ताव को ईरान ने सिरे से खारिज कर दिया था। अब जिस प्रस्ताव पर युद्धविराम को लेकर सहमति बनी है, वह ईरान की ओर से पेश किया गया है। खबरों के मुताबिक, ईरान ने अपने प्रस्ताव में कहा है कि उसे यूरेनियम संवर्धन जारी रखने की छूट दी जाए, जो परमाणु हथियार बनाने के लिए अहम है। जबकि, अमेरिका और इजराइल के हमले के पीछे प्रमुख कारण यही था कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना है। ऐसे में सवाल है कि क्या अमेरिका, ईरान की इस शर्त को स्वीकार करेगा। खबरों में कहा गया है कि ईरान ने क्षेत्र से अमेरिकी सैन्य बलों की वापसी, प्रतिबंधों को हटाना और उसकी जब्त संपत्तियों को वापस सौंपने की शर्त भी रखी है। यही नहीं, ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को इसी शर्त पर खोलने की बात कही है कि वह वहां से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क लेगा और इस राशि का इस्तेमाल युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई में किया जाएगा। अगर ऐसा हुआ, तो इसका असर तेल और गैस की कीमतों पर पड़ेगा। अब देखना होगा कि अमेरिका, ईरान की इन शर्तों को मंजूर करता है या फिर कोई बीच का रास्ता निकालने की कोशिश की जाएगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा फैसला लेते हुए ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई को फिलहाल दो हफ्तों के लिए टाल दिया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान दोनों देशों के बीच अस्थायी युद्धविराम रहेगा, यानी न अमेरिका हमला करेगा और न ही ईरान कोई आक्रामक कदम उठाएगा। ईरान ने भी इसकी पुष्टि की है। हालांकि इसके साथ एक अहम शर्त भी रखी गई है कि ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत और सुरक्षित तरीके से खोलना होगा, ताकि वहां से गुजरने वाले जहाजों की आवाजाही सामान्य हो सके। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका अपने कई सैन्य लक्ष्य पहले ही हासिल कर चुका है और अब बातचीत के जरिए स्थायी समाधान।

# भड़के पति ने पत्नी के सिर पर दे मारा बेलन

### काम पर जाने को कहा तो कर दी घटना

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में मोबाइल गेम की लत और बेरोजगारी के चलते एक घर में खूनी संघर्ष हो गया। पति की कामचोरी से परेशान होकर जब पत्नी ने उसे काम करने की सलाह दी, तो सनकी पति ने उस पर हमला कर दिया। आरोपी ने रोटी बनाने वाले बेलन से पत्नी के सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी लीला बाई, निवासी क्लर्क कॉलोनी ने अपने पति शीतल ठाकुर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। लीला बाई ने बताया कि उनका पति शीतल दिन भर घर पर खाली बैठा रहता है और मोबाइल में गेम खेलता रहता है।

बुधवार को भी जब वह मोबाइल में व्यस्त था, तो लीला ने उससे कहा कि 'तुम घर पर ही बैठे रहते हो, कुछ काम-धंधा क्यों नहीं करते हो 'इतनी सी बात सुनते ही शीतल अपना आपा खो बैठा और पत्नी को गालियां देने लगा। जब लीला ने गाली देने से मना किया, तो उसने पहले हाथ-थप्पड़ से उसकी पिटाई की और फिर रसोई में रखा रोटी बनाने वाला बेलन उठाकर सीधे उसके सिर पर दे मारा। हमले के कारण लीला का सिर फट गया और खून निकलने लगा।घायल अवस्था में पीड़ित महिला थाने पहुंची और आपबीती सुनाई। परदेशीपुरा पुलिस ने आरोपी पति शीतल ठाकुर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## एमडी ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** सदर बाजार थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 12.72 ग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक बुधवार शाम करीब 5 बजे एकदंत गणेश मंदिर के पीछे स्थित खाली मैदान में कार्रवाई की गई। यहां से जूना रिसाला निवासी मोईन पिता जफर खान को पकड़ा गया, जिसके पास से अवैध रूप से 12.74 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

# इंदौर में साइबर ठगों की स्ट्राइक.. मुनाफे के लालच और ओटीपी के खेल में गंवाए 27 लाख से ज्यादा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** शहर में साइबर अपराधियों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में ऑनलाइन ठगी की चार बड़ी वारदातें दर्ज की गई हैं। सबसे बड़ी ठगी हीरानगर क्षेत्र में हुई, जहां एक युवक को शेयर बाजार में भारी मुनाफे का सपना दिखाकर लाखों रुपये ऐंठ लिए गए।

### ट्विटर (एक्स) के जरिए 24.25 लाख का 'इन्वेस्टमेंट फ्रॉड'

हीरानगर थाना क्षेत्र के मेघदूत नगर निवासी रोहित गौर के साथ सोशल मीडिया के जरिए बड़ी ठगी हुई। रोहित को ट्विटर (अब एक्स) पर एक फर्जी अकाउंट के माध्यम से शेयर बाजार में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। ठगों ने उन्हें झांसे में लेकर अलग-अलग बैंक खातों में कुल 24.25 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। रकम देने के बाद जब मुनाफा नहीं मिला और संपर्क टूट गया, तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ।

### ओटीपी भेजकर खाते से उड़ाए 1.50 लाख

हीरानगर थाना क्षेत्र में ही ठगी का दूसरा मामला कल्पना नगर के धीरज साहू के साथ हुआ। 25 दिसंबर 2025 को अज्ञात आरोपियों ने धीरज के मोबाइल पर एक ओटीपी भेजा और बातों में उलझाकर उसे प्राप्त कर लिया। जैसे ही धीरज ने ओटीपी साझा किया, उनके बैंक खाते से 1.50 लाख रुपये पार हो गए।

### क्रेडिट कार्ड से 1.02 लाख की ऑनलाइन चपत

अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के रहने वाले गोकुल मारू ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। ठगों ने उनके क्रेडिट कार्ड की जानकारी हासिल कर अनाधिकृत रूप से ट्रांजेक्शन किए और 1.02 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने बैंक ट्रांजेक्शन का मैसेज आने के बाद तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### मोबाइल नंबर के जरिए ठगी

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में रहने वाले कमल बंसारी के साथ भी बैंक फ्रॉड हुआ है। पुलिस के अनुसार, किसी अज्ञात आरोपी ने कमल के मोबाइल नंबर का उपयोग कर उनके बैंक खाते तक पहुंच बनाई और जमा पूंजी निकाल ली। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आरोपी ने लिंक भेजा था या सिम क्लोनिंग का सहारा लिया।

# चोरों का आंतक, नकदी जेवर समेत लाखों का किया माल पार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गांधी नगर, संयोगितागंज और बड़गोंदा थाना क्षेत्र में अलग अलग घटनाओं में बदमाशों ने घरों और वाहन को निशाना बनाकर नकदी, जेवर और अन्य सामान पार कर दिया। पुलिस ने तीनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांधीनगर थाना क्षेत्र के समर्थ ग्रीन कॉलोनी निवासी रवि शर्मा के सूने घर का ताला तोड़कर बदमाश अंदर घुसे और अलमारी से 49 हजार रुपए नगद व एटीएम कार्ड चोरी कर ले गए। वहीं संयोगितागंज थाना क्षेत्र के पारसी मोहल्ला छावनी निवासी धीरज प्रजापत के घर में देर रात चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर प्रवेश किया और सोने का मंगलसूत्र, सोने की चेन, चांदी की बिछिया सहित करीब 4500 रुपए नकद लेकर फरार हो गए। इधर बड़गोंदा थाना क्षेत्र में केसर पैलेस के पास खड़ी अर्टिगा कार का कांच तोड़कर बदमाशों ने वाहन में रखा सामान चुरा लिया। फरियादी राधा किन्नर के अनुसार चोर 14 पीतल की परात, करीब 12 ग्राम सोने की चैन, कान के टॉप्स व अन्य दस्तावेज सहित करीब 70 हजार रुपए का माल ले गए। तीनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|---|
| | 151110 | 151129 |
| | सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| | 236200 | 236417 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

**न्यायालय तहसीलदार तहसील मल्हारगंज जिला-इन्दौर**

**प्रकरण क्र. 3756/अ-6/2025-26**

**-उदघोषणा-**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संगीता बंग पति सुरेश कुमार बंग निवासी 26 अम्बिकापुरी मेन, खाटू श्याम मंदिर के पास एयरपोर्ट रोड इन्दौर द्वारा ग्राम नैनोद स्थित विकसित कालोनी **"अरिहंत ग्रीन्स-01"** का भूखण्ड क्रमांक ए-108 क्षेत्रफल 55.70 वर्गमीटर विक्रेता गौरव मालवीय पिता राजेन्द्र मालवीय निवासी 359 जनता कालोनी शिव मंदिर के पीछे बड़ा गणपति इन्दौर से पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक एमपी7आईजीआर17542026ए100222862 दिनांक 24/02/2026 के अनुसार क्रय किया होकर म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत नामांतरण करने बाबद आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वह उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर स्वयं या अधिवक्ता/अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

तहसीलदार
तहसील मल्हारगंज, इन्दौर

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किला जाता है कि मेरे पक्षकार **मंजूर खां पिता जहुर खां निवासी 257 चंदन नगर 67 सेक्टर-ए मिश्रावाला रोड** इन्दौर (म.प्र.) की ओर से निर्देशानुसार सर्वसूचित किया जाता है कि उनके **बड़े पुत्र सैफ अली उर्फ सादिक खान एवं उसकी पत्नी नाजिया बी, पता-अम्मार नगर चंदन नगर इन्दौर** (म.प्र.) का व्यवहार हमारे पक्षकार के प्रति ठीक नहीं रहने तथा मेरे पक्षकार के कहने सुनने में नहीं होने के कारण मेरे पक्षकार एवं उनके परिवारजन अपने पुत्र और बहू से अत्यधिक त्रस्त हो चुके है, लगातार शारीरिक एवं मानसिक प्रताडना झेल रहे है, इसीलिए आज दिनांक से मेरे पक्षकार ने उक्त पुत्र सैफ अली उर्फ सादिक खान एवं उसकी पत्नी नाजिया बी से अपने समस्त रिश्ते नाते समाप्त करते हुए अपनी चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे पक्षकार अथवा उनके परिवाजनों का उनके पुत्र सैफ अली उर्फ सादिक खान एवं उनकी पत्नी नाजिया बी के किसी भी मामले में लेनदेन, घटना-दुर्घटना, आपराधिक कृत्य, संव्यवहार आदि में कोई हस्तक्षेप/सहमति आदि नहीं है, क्योंकि विगत करीब 6 माह से ही मेरे पक्षकार का पुत्र सैफ अली उर्फ सादिक खान एवं उसकी पत्नी नाजिया बी पृथक निवासरत होकर मेरे पक्षकार अपने पुत्र सैफ अली उर्फ सादिक खान एवं उसकी पत्नी नाजिया बी के द्वारा किए गए किसी भी लेन-देन, संव्यवहार /आपराधिक घटना दुर्घटना आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरे पक्षकार एवं उनके परिवार इसमें जिम्मेदार नहीं रहेगा। सो सूचित होवे।

**संदीप राजोरिया एडवोकेट**
**10 जिला कोर्ट कैम्पस इन्दौर मो.-82369-08972**

# प्रदेश सरकार के तालमेल से 2 सालों में रेल सेवाओं का विस्तार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अथक प्रयासों के फलस्वरूप मध्यप्रदेश में पिछले दो सालों में रेल सेवाओं और बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। मध्यप्रदेश 'डबल इंजन सरकार' का एक शानदार उदाहरण बनकर उभरा है। अब प्रदेश भारत का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है और रेल कनेक्टिविटी में सबसे बड़ी हिस्सेदारी वाले शीर्ष दस राज्यों में से एक है। रेलवे ट्रैक की लंबाई बढ़कर 5,200 किलोमीटर हो गई है, जो देश के कुल रेल नेटवर्क का 7.6 प्रतिशत है। बेहतर रेल सेवाओं के माध्यम से देश के सभी हिस्सों तक आसानी से पहुँचा जा सकता है। मध्यप्रदेश के लिए आवंटित रेलवे बजट में 24 गुना वृद्धि हुई है। इस वर्ष 15,188 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो एक रिकॉर्ड है। पिछले वर्ष यह राशि 14,745 करोड़ रुपये थी। वर्ष 2009 से 2014 तक, वार्षिक बजट केवल 632 करोड़ रुपये था। वर्तमान में 1,18,379 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न रेल परियोजनाएँ अलग-अलग चरणों में चल रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से केंद्र सरकार ने कई प्रमुख रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिससे राज्य को आर्थिक परिवर्तन की गति तेज करने में मदद मिली है। इस प्रगति का श्रेय केंद्र और राज्य सरकारों के बीच गहरी आपसी समझ और समन्वय को जाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जबलपुर-गोंदिया रेलवे लाइन और इंदौर-मनमाड रेलवे लाइन के दोहरीकरण, तथा सिंहस्थ कुंभ मेला : 2028 के संदर्भ में अन्य अधोसंरचना विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी है। बड़ी उपलब्धि यह है कि राज्य में रेल लाइनों का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की रेल मामले में दिलचस्पी के चलते दो सालों में रेलवे ट्रैक भी बढ़े और व्यवस्थाएं भी बढ़ी, कई रेल परियोजना को मंजूरी मिली।

## करीबी मुकाबले में, आप किसी भी चीज पर उंगली उठा सकते है: अक्षर




**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2026 में जीत की हैट्रिक लगाने से चूक गई। बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए सीजन के 14वें मैच में डीसी को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 1 रन से करीबी हार का सामना करना पड़ा। पहले खेलते हुए गुजरात ने 210 रन बनाए। दिल्ली की टीम को आखिरी दो गेंद पर दो रन चाहिए थे लेकिन उसे हार झेलनी पड़ी।

दिल्ली कैपिटल्स की हार के बाद अक्षर पटेल ने कहा कि दोनों टीमों ने अच्छा क्रिकेट खेला। उन्होंने मैच के बाद कहा, जिस तरह से हम खेल रहे हैं, मुझे लगता है कि दोनों टीमों ने बहुत अच्छा, बहुत ही बढ़िया क्रिकेट खेला। मुझे लगता है कि इस तरह के करीबी मुकाबले में, आप किसी भी चीज पर उंगली उठा सकते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हमने बहुत अच्छा क्रिकेट खेला।

अक्षर पटेल का मानना है कि टीम के बल्लेबाज समझदारी से खेलते तो पहले ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि लक्ष्य का पीछा करते समय हम और ज्यादा समझदारी से खेल सकते थे। जिस अहम समय पर विकेट गिरे, मुझे लगता है कि अगर ऐसा न हुआ होता तो हम टागरेट का पीछा और पहले ही पूरा कर सकते थे।

केएल राहुल ने 92 रनों की पारी खेली। उनकी बैटिंग पर अक्षर ने कहा कि राहुल ने बहुत अच्छी पारी खेली। जैसा कि आप जानते हैं, जिस तरह से पावरप्ले चल रहा था, उसके बाद भी उन्होंने उस गति को बनाए रखा। जब विकेट गिर रहे थे, तब भी उन्होंने एक छोर से उस गति को बनाए रखा। उन्होंने रन-रेट को नीचे नहीं गिरने दिया। इसलिए मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छी बल्लेबाजी थी। मुझे लगता है कि हम अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं और हम अगले मैच में इसे पूरा करेंगे।

## कर्नाटक में मप्र ने जीती टीम चैंपियनशिप




### सुदर्शन,सुमित,मयंक ने लहराया जीत का परचम

**इंदौर।** पॉवर लिफ्टिंग इंडिया के तत्वाधान में कर्नाटक पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन ' काशाप फिटनेस कोडीयालबेल द्वारा राष्ट्रीय क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग महिला/पुरुष चैंपियनशिप का आयोजन 24 से 28 मार्च कर्नाटक के मंगलौर में आयोजित किया गया। मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी कमल नंदवाना एवं शिव प्रसाद कुरे द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि लगातार पांच दिवसीय चैंपियनशिप में पूरे राष्ट्र से करीब 245 खिलाड़ी ने भाग लिया चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश में कुल 39 पॉइंट के साथ टीम चैंपियनशिप में फर्स्ट रनअप का ऐतिहासिक खीताब अपने नाम किया। उक्त चैंपियनशिप में सुदर्शन तिवारी ने 120द्द वजन समूह में 770 ग्राम वजन लिफ्ट कर गोल्ड मेडल, सुमित सिंह ठाकुर 74 वजन समूह मे 645 किलो ग्राम वजन उठाकर सिल्वर मेडल, मयंक जोशी ने 120 वजन समूह मे कुल 786 किलो ग्राम वजन लिफ्ट कर ब्राउस मेडल अर्जित किया। इसके अतिरिक्त अरिहंत जैन, ध्रुव राज कुरे,अभिषेक शर्मा रूपम सकवार,परितेश पॉल,अलका चौकियां, कुसुम लता सारोट, मीना शर्मा, आयुषी अग्रवाल, पूजा बंधाया,सीमा रायकवार का प्रदर्शन चैंपियनशिप में शानदार रहा। मध्य प्रदेश टीम के कोच की अहम भूमिका आशीष जैन द्वारा निर्वहन की गई। इस स्वर्णिम अवसर पर संस्था प्रमुख महेंद्र हार्डिया,रमेश मेंदोला, के.आर. तिवारी, रमेश दवे, प्रेमसिंह यादव, प्रशांत मिश्रा, शरीफ़ खान, विस्टन लाल, अजय जायसवाल, सत्यनारायण वारिया, जे.सी. राठौर, शशिकांत और पूरे पॉवर लिफ्टिंग परिवार द्वारा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गईं।

## गुजरात टाइटंस का खुला खाता, हारकर भी दिल्ली कैपिटल्स टॉप-4 में

**नई दिल्ली।** अक्षर पटेल की अगुवाई वाली दिल्ली कैपिटल्स को बुधवार की रात गुजरात टाइटंस के हाथों करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हुए इस रोमांचक मैच में दिल्ली 1 रन से हारी। डीसी की यह इस सीजन की पहली हार है, वहीं गुजरात टाइटंस ने 2 हार के बाद जीत का खाता खोला है। डीसी वि. जीटी मैच के बाद पॉइंट्स टेबल में थोड़े बदलाव देखने को मिले हैं। गुजरात की टीम 6ठे नंबर पर पहुंच गई है, वहीं इस हार के बावजूद दिल्ली टॉप-4 में बनी हुई है।

### दिल्ली समेत टॉप-4 में ये टीमें

आईपीएल 2026 पॉइंट्स टेबल में दिल्ली कैपिटल्स के साथ टॉप-4 में राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है। दिल्ली की यह इस सीजन की पहली हार है। उन्होंने इससे पहले दो मैचों में जीत दर्ज की थी। दिल्ली ने अपने पहले दो मुकाबले लखनऊ सुपर जाएंट्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीते थे।

### अभी तक एक भी मैच नहीं हारी ये तीन टीमें

राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, आईपीएल 2026 की वो तीन टीमें हैं जिन्हें अभी तक हार का सामना नहीं करना पड़ा है। आरआर की टीम जीत की हैट्रिक लगाकर पॉइंट्स टेबल में सबसे ऊपर बैठी है। वहीं पंजाब की टीम ने तीन में से दो मैच जीते हैं, केकेआर के खिलाफ उनका एक मैच बारिश की भेंट चढ़ा था। उनके खाते में 5 अंक है, वहीं आरसीबी दो में से दो मैच जीतकर तीसरे पायदान पर बनी हुई है।

## विधायक और पार्षद पहुंचे रहवासियों की पैरवी करने महापौर के पास

### निगम से मिले हैं चौड़ीकरण के लिए अंतिम नोटिस, फुटपाथ छोटे किए जाए

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

जंजीर वाला चौराहा से अटल द्वार तक प्रस्तावित सड़क निर्माण के लिए जब रहवासियों को अपने निर्माण हटाने के लिए अंतिम नोटिस दिए गए तो सभी रहवासी विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद लालबहादुर वर्मा के साथ आज सुबह महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मिलने पहुंचे और सड़क की चौड़ाई काम करने की मांग की। लालबहादुर वर्मा ने आज महापौर से चर्चा की और कहा कि सड़क भले ही 18 मीटर की बना दी जाए लेकिन फुटपाथ छोटे कर दिए जाए जिससे उनके आशियाने टूटने से बच जाएं। महापौर ने आश्वस्त किया कि आपकी मांगों पर विचार किया जाकर फुटपाथ छोटे करने का प्रयास किया जाएगा तथा ऐसा कार्य करेंगे की किसी को कोई नुकसान ना हो।



## उत्कृष्ट कार्य करने वालों में पार्षदों का भी हो रहा है सम्मान

**निगम के आयोजन में महापौर और आयुक्त करेंगे कर्मियों का भी सम्मान**

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगमायुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा आज स्वच्छ इंदौर वार्ड रैंकिंग प्रतियोगिता के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वार्डों एवं पार्षद का सम्मान समारोह का आयोजन कर रहे हैं। यह आयोजन रविंद्र नाट्यगृह में आज हो रहा है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पार्षदों के साथ जनप्रतिनिधियों एवं निगम के स्वास्थ्य एवं ड्रेनेज कर्मियों का भी सम्मान होगा। इस दौरान महापौर, सभापति, एमआईसी सदस्य, निगमायुक्त और अधिकारी भी मौजूद हैं। निगम ने 22 झोन क्षेत्र में यह प्रतियोगिता आयोजित कराई थी जिसमें 85 वार्ड और उनके जनप्रतिनिधि शामिल हुए थे।

## मिलर द्वारा सिंगल लेने में कोताही बरतने से जीटी ने मैच जीता: गिल

**नई दिल्ली।** शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस (जीटी) का आईपीएल 2026 में जीत का खुल गया गया है। जीटी ने बुधवार को टूर्नामेंट के 14वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स (जीटी) पर एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की। जीटी ने गिल (70), जोस बटलर (52) और वॉशिंगटन सुंदर के अर्धशतक की बदौलत 210/3 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में डीसी ने अपने होम ग्राउंड अरुण जेटली स्टेडियम में निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 209 रन जुटाए। दिल्ली के लिए केएल राहुल ने 92 और पथुम निसांका ने 41 रनों की पारी खेली। डेविड मिलर 20 गेंदों में 41 रन बनाकर नाबाद रहे, जिसमें तीन चौके और तीन सिक्स हैं।

# एमरल्ड हाईट्स वर्ल्ड स्कूल के प्रयोत, सीरन एवं रूद्धांश अगले दौर में

## इंटर स्कूल ओपन स्क्वॉश टूर्नामेंट प्रारंभ

**इंदौर।** मेजबान एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल के प्रयोत राना, सीरन चंदन एवं रूद्धांश एरन ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए इंटर स्कूल ओपन स्क्वॉश स्पर्धा में जीत दर्ज की।

शहर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का मंच दिलाने के लिए आयोजित हो रही स्पर्धा में 400 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है। स्पर्धा में बालक और बालिका दोनों वर्गों के मुकाबले खेले जा रहे है। एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल में स्पर्धा का शुभारंभ स्कूल की निदेशक हर्षिता सिंह और प्राचार्य निशा अहमद ने शॉट खेलकर किया। इस अवसर पर स्कूल के खेल अधिकारी संजय मिश्रा उपस्थित थे।

स्पर्धा के पहले दिन अंडर-11 बालक वर्ग में एमरल्ड हाईट्स वर्ल्ड स्कूल के प्रयोत राना ने एमरल्ड हाईट्स के दिवित होलकर को 2-0 से, एमरल्ड हाईट्स वर्ल्ड स्कूल के सीरन चन्दन ने एमरल्ड हाईट्स स्कूल के प्रबल रामपुरिया को 2-0 से हराया। अन्य मैचों में शिशुकुंज स्कूल के सनाय खंडेलवाल ने चोईथराम स्कूल के अयांश जैन को 2-0 से, डेली कॉलेज के अव्यान जैन ने एडवांस एकेडमी के शुभ



माहेश्वरी को 2-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

बालक अंडर-13 आयु वर्ग में एमरल्ड हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल के कार्तिकेय नारंग ने शिशुकुंज नार्थ केम्पस के युवराज जायसवाल को 2-0 से, एमरल्ड हाईट्स वर्ल्ड स्कूल के रूद्धांश एरन ने डेली कॉलेज के प्रणवत होडा को 2-0 से एमरल्ड हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल के विवान गांधी ने सत्यसांई के अभिउदय सिंह को 2-1 से, शिशुकुंज झलारिया के कवीर शाह ने एमरल्ड हाईट्स इंटरनेशनल के ध्रुवांश सोनी को 2-0 से एवं एमरल्ड हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल के अविरत नियाति ने शिशुकुंज स्कूल झालारिया के केयांश जैन को 2-0 से हराकर अपने कदम आगे बढ़ाए।

बालिका अंडर-13 में एमरल्ड हाईट्स वर्ल्ड स्कूल की पहल सतवानी ने शिशुकुंज स्कूल झलारिया की निशा बक्षी को 2-0 से पराजित किया। अन्य मैचों में शिशुकुंज स्कूल झलारिया की अनिका बंडी ने एमरल्ड हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल की नायशा बोहरा को 2-0 से, डेली कॉलेज की आदिया गुप्ता ने चोईथराम स्कूल की हुसैनी रंगवाला को 2-0 से, एमरल्ड हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल की समाया टेकवानी ने शिशुकुंज स्कूल झलारिया की मीरा कुमारी को 2-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

## शतरंज चैंपियनशिप में माधवेन्द्र ने जीता कांस्य पदक



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आल इंडिया चैस फेडरेशन के तत्वाधान में गुजरात स्टेट चैस एसोसिएशन द्वारा राज्यपथ क्लब अहमदाबाद में राष्ट्रीय अंडर-17 ओपन शतरंज चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ी माधवेन्द्र प्रताप शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान (कांस्य पदक) प्राप्त कर प्रदेश एवं इंदौर का नाम रोशन किया है। अचल चौधरी, मुकेश सिंह, अक्षत खम्पारिया, प्रो. सुनील सोमानी, अनिल फतेहचंदानी ने बधाई दी।

## इंदौर संभाग की रोमांचक जीत



**इंदौर।** एमपीसीए द्वारा आयोजित अंतर संभागीय गर्ल्स अंडर-18 एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत इंदौर संभाग एवं चंबल संभाग के मध्य ग्वालियर में मैच खेला गया जिसमें चंबल संभाग ने पहले खेलते हुए 41 ओवरो में सभी विकेट खोकर 127 रन बनाये । आर्या नायक ने सर्वाधिक 56 रन बनाये । इंदौर संभाग की ओर से पुर्वी खन्ना ने 8 ओवरो में 17 रन देकर 4 विकेट एवं जानवी परिहार ने 2 विकेट लिए । जवाब में इंदौर संभाग की टीम ने 40 ओवरो में 7 विकेट खोकर 128 रन बनाकर यह मैच 3 विकेट से रोमांचक अंदाज में जीत लिया । ख्याति जैन ने सर्वाधिक 50 रन एवं रिया ठाकुर ने 20 रनों का योगदान दिया। प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार ख्याति जैन को दिया गया।

## जिला किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 14 अप्रैल को

**इंदौर।** जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन व किड्स कॉलेज स्कूल द्वारा इंदौर जिला किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 14 अप्रैल को विंध्याचल नगर एरोड्रम रोड पर किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता मे इंदौर जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन से संबंधता प्राप्त स्कूल, क्लब के खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के नियम अनुसार आयोजित की जाएगी जिसमें खिलाड़ियों अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी आगामी महा में आयोजित होने वाली मध्य प्रदेश राज्य किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में इंदौर जिले किकबॉक्सिंग टीम का प्रतिनिधित्व करेगी।प्रतियोगिता का सफल आयोजन हेतु विभिन्न आयोजन समितियां का गठन किया गया है।और अधिक जानकारी हेतु यासवीन ठाकुर और अंश यादव से संपर्क कर सकते हैं।

# केकेआर टीम आज मैदान पर होगी, पहली जीत की तलाश

**नई दिल्ली।** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स आज आईपीएल 2026 के अपने चौथे मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करेगी। यह मुकाबला ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। केकेआर के के लिए सीजन की शुरुआत काफी मुश्किल रही है। केकेआर ने इस सीजन अब तक एक भी जीत दर्ज नहीं की है। इस मैच की शुरुआत शाम साढ़े 7 बजे से होगी।

### 3 मैचों में केकेआर का एक पॉइंट

अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली केकेआर को अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने 65 रन से मात दी। पंजाब किंग्स के खिलाफ केकेआर का मुकाबला बारिश के चलत बेनतीजा रहा था, जिसके चलते दोनों टीमों के बीच 1-1 अंक बांटे गए। केकेआर 3 मुकाबलों में 1 अंक के साथ प्वाइंट्स टेबल में 8वें पायदान पर मौजूद है।



केकेआर की टीम यह मुकाबला अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी। इस अहम मुकाबले से पहले, फैंस अपने स्टार खिलाड़ियों को वापसी करते और लय में आते हुए देखने के लिए बेताब होंगे।

### लखनऊ की टीम तय हासिल कर चुकी

दूसरी ओर एलएसजी की टीम 2 में से 1 मैच जीतकर छठे पायदान पर मौजूद है। इस टीम ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहला मैच 6 विकेट से गंवाया था, जिसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 5 विकेट से जीत दर्ज करते हुए अपना खाता खोला। टीम के पास एक से बढ़कर एक तेज गेंदबाज हैं और वह केकेआर के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं।

### केकेआर वि. एलएसजी हेड टू हेड

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में लखनऊ सुपर जायंट्स का पलड़ा भारी है। आईपीएल में दोनों टीमें 6 बार आमने-सामने रही हैं, जिसमें एलएसजी ने 4 मुकाबले अपने नाम किए। दोनों टीमों के बीच पहली भिड़ंत साल 2022 में हुई थी, जिसमें एलएसजी ने 75 रनों से जीत हासिल की।

# रोमांचक मुकाबले में ये खिलाड़ी बना प्लेयर ऑफ द मैच

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 14वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को मैच की आखिरी गेंद पर एक रन से शिकस्त दी। इस संस्करण में गुजराज टाइटंस की पहली जीत है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की लगातार मैचों में जीत के बाद पहली हार है। इस मैच में गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स की ओर से कई खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। केएल राहुल ने 92 रनों की पारी खेली, तो वही शुभमन गिल 70 रनों की पारी खेलकर गुजरात को 200 के पार पहुंचने में अहम भूमिका निभाई। इस मैच में कुल चार बल्लेबाजों ने अर्धशतकीय पारी खेली। हालांकि दमदार पारियों के बावजूद प्लेयर ऑफ द मैच के लिए राशिद खान को चुना गया, जिन्होंने हाईस्कोरिंग



मुकाबले में फिफायती गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट भी चटकाए।

गुजरात टाइटंस के स्टार स्पिनर राशिद खान ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने अपने 4 ओवर के कोटे में सिर्फ 17 रन खर्च किए और तीन विकेट लिए। उन्होंने नितीश राणा, अक्षर पटेल और समीर रिजवी का विकेट हासिल किया। समीर ने शुरुआती दो मैचों में दिल्ली को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। राशिद ने अपने पहले ओवर में सिर्फ चार रन दिए। वह पावरप्ले के दौरान 5वां ओवर करने उतरे थे। इसके बाद उन्होंने पारी के आठवें ओवर में गेंदबाजी की, जहां राशिद ने सिर्फ पांच रन दिए। 10वें ओवर के दौरान राशिद खान ने नितीश राणा और समीर रिजवी को लगातार गेंदों पर पवेलियन का रास्ता दिखाया और इस ओवर में सिर्फ चार रन खर्च किए। राशिद ने अपने अंतिम ओवर में चार रन देते हुए अक्षर पटेल को आउट किया।

# सगाई समारोह के दौरान विवाद युवक की पीट-पीटकर हत्या

## पेचकस और डंडों से किया हमला, तेजाजी नगर के उमरीखेड़ा की घटना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम दिया गया। सपेरा कॉलोनी उमरीखेड़ा में आयोजित एक सगाई समारोह के दौरान खाना खाने को लेकर हुए विवाद ने इतना उग्र रूप ले लिया कि परिचितों ने ही एक युवक की जान ले ली। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और आरोपियों की धरपकड़ शुरू की।



डीसीपी जोन 1 कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि, मृतक की पहचान शुभम नाथ (18)निवासी महादेव नगर राजेंद्र नगर के रूप में हुई है। शुभम बुधवार रात तेजाजी नगर स्थित सपेरा कॉलोनी, उमरीखेड़ा में अपने किसी परिचित के यहां सगाई के कार्यक्रम में शामिल होने गया था।बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान पार्टी चल रही थी, जहाँ शुभम का दूसरे पक्ष के कुछ लोगों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि वहां से निकलने के बाद आरोपियो ने शुभम पर हमला कर दिया और उसे बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। उसपर पेचकस और डंडोंसे हमला किया गया।हमले में आई गंभीर चोटों के कारण शुभम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।घटना की जानकारी मिलते ही देर रात तेजाजी नगर पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। शुरुआती जांच में हमलावरों के नाम सामने आए हैं, जो शुभम के परिचित ही बताए जा रहे हैं।सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने मामले में आरोपियो को हिरासत में भी ले लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है।हालांकि अधिकारिक तौर पर आरोपियो के पकड़े जाने की पुष्टि नही की गई।

# झारखंड के एटीएम से निकले इंदौर के युवक के पैसे

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ हुई बैंक धोखाधड़ी के सात साल पुराने मामले में पुलिस ने अब जाकर प्राथमिकी दर्ज की है। फरियादी के बचत खाते से साल 2019 में झारखंड के जमशेदपुर में अज्ञात आरोपियों ने एटीएम के माध्यम से सवा लाख रुपये के करीब राशि पार कर दी थी।षफरियादी मुकेश पिता रमेश नायक, निवासी कुंदन नगर ने पुलिस को बताया कि जून 2019 में उन्हें बैंक से सूचना मिली कि उनके खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण गाड़ी की किस्त बाउंस हो गई है। मुकेश हैरान रह गए क्योंकि उनके खाते में एक लाख रुपये से अधिक जमा थे। जब उन्होंने बैंक पहुंचकर स्टेटमेंट निकलवाया, तो उनके होश उड़ गए।स्टेटमेंट से खुलासा हुआ कि 7 और 8 मई 2019 को जमशेदपुर, झारखंड में किसी एटीएम के जरिए उनके खाते से 12 बार में कुल 1 लाख 20 हजार रुपये निकाले गए थे। पीड़ित ने उस दौरान ही पुलिस और बैंक को इसकी शिकायत की थी, लेकिन कानूनी प्रक्रिया और जांच के चलते अब जाकर इस मामले में औपचारिक केस दर्ज हो सका है।सूत्रों के अनुसार, इतने वर्षों बाद केस दर्ज होने के पीछे तकनीकी साक्ष्यों का मिलान होना बताया जा रहा है। पुलिस को झारखंड के उस गिरोह के बारे में कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं, जो एटीएम क्लोनिंग या अन्य माध्यमों से ठगी को अंजाम देता था। राजेंद्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को ट्रेस कर लिया जाएगा।

# रेस्टोरेंट खोलने के नाम पर 2.73 लाख की चपत

## पुलिस ने भिंड के जोजो पर दर्ज किया धोखाधड़ी का केस

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। एमआईजी थाना क्षेत्र में व्यापारिक साझेदारी के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक युवक ने रेस्टोरेंट शुरू करने का सपना दिखाकर फरियादी से लाखों रुपये हड़प लिए और फिर मुकर गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी रवि पिता राजेंद्र प्रसाद, निवासी अंबेडकर नगर ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी मुलाकात शिवराज सिंह परिहार उर्फ जोजो निवासी ग्राम महगांव, जिला भिंड से हुई थी। शिवराज ने रवि को एक शानदार रेस्टोरेंट खोलने का ऑफर दिया और मुनाफे में हिस्सेदारी का लालच दिया।फरियादी रवि ने आरोपी की बातों पर भरोसा करते हुए रेस्टोरेंट सेटअप के लिए अलग-अलग किस्तों में कुल 2,73,000 रुपये उसे दे दिए। पैसे लेने के बाद आरोपी टालमटोल करने लगा। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब आरोपी ने रेस्टोरेंट नहीं खोला और रवि के पैसे लौटाने से भी इनकार कर दिया, तब पीड़ित ने थाने की शरण ली।एमआईजी पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर शिवराज उर्फ जोजो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# चंदन नगर पुलिस के हत्थे चढ़े शातिर वाहन चोर

## पिकअप और बाइक जब्त, ताला तोड़कर की थी वारदात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। चंदन नगर थाना क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोरों के खिलाफ पुलिस ने कड़ा प्रहार किया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को दबोचकर उनके पास से लाखों रुपये की कीमत के चोरी के वाहन बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपी रात के अंधेरे में दुकानों के ताले तोड़कर गाड़ियां और सामान पार करते थे।



पुलिस के मुताबिक गत 7 अप्रैल को फरियादी अबरार निवासी गंगा कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि धार रोड स्थित उनकी वाहन बॉडी रिपेयरिंग की दुकान से अज्ञात बदमाशों ने ताला तोड़कर एक पिकअप एमपी 09 जीएच 9670। और तीन गाड़ियों की बैटरियां चोरी कर ली हैं। इस गंभीर मामले की जांच के लिए थाना प्रभारी तिलक करोले ने एक विशेष टीम गठित की थी।विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के सुराग और विश्वसनीय मुखबिरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान लालू पिता कांतीलाल मालीवाड और दिनेश पिता कमल मानकर ठाकुर निवासी जवाहर टेकरी के रूप में हुई है। पुलिस की सघन पूछताछ में आरोपियों ने न केवल अबरार की दुकान से चोरी की बात कबूल की, बल्कि चंदन नगर क्षेत्र से ही एक अन्य पिकअप एमपी 09 जीजी 7650 और एक मोटरसाइकिल एमपी-11 एमजी 8551 चोरी करने की वारदात भी स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर तीनों वाहन और एक बैटरी बरामद कर ली है।

**दो अन्य साथी अब भी फरार–** इस गिरोह में पकड़े गए आरोपियों के अलावा दो अन्य बदमाश संदीप बैरागी और महेश भी शामिल हैं, जो फिलहाल फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

# मजदूर की मौत में फंसा ठेकेदार हाईटेंशन लाइन के पास बिना सुरक्षा काम कराना पड़ा भारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

इंदौर।धार रोड स्थित बेटमा क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मैं लापरवाही बरतने वाले एक ठेकेदार के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसा है। करीब 5 महीने पहले हुई एक मजदूर की दर्दनाक मौत के मामले में पुलिस ने जांच पूरी कर ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, यह घटना 30 अक्टूबर 2025 की सुबह करीब 9:15 बजे धार रोड स्थित 'ज्ञानवती मिश्रा विहार कॉलोनी' की है। यहां एक निर्माणाधीन मकान पर अजय सोलंकी नामक मजदूर अजय छत पर लोहे के सरिए बिछाकर जाली बांधने का काम कर रहा था, तभी सरिया पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से छू गया।करंट का झटका इतना जबरदस्त था कि अजय झुलसकर नीचे गिर पड़ा। मौके पर मौजूद अन्य साथी और परिजन उसे गंभीर हालत में तुरंत जिला अस्पताल इंदौर लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।पुलिस की प्राथमिक जांच और मर्ग विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि हाईटेंशन लाइन मकान के बेहद करीब से गुजर रही थी। इसके बावजूद ठेकेदार जीवन तंवर ने मजदूरों की सुरक्षा के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए थे।

## जन्मदिन की खुशियों में पड़ोसियों ने घोला जहर

# सड़क पर कुर्सी रखने को लेकर विवाद, पोते के जन्मदिन पर बेटे का सिर फोड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

हीरानगर थाना इलाके के क्लर्क कॉलोनी एक्सटेंशन में एक परिवार के लिए खुशी का मौका उस समय दहशत में बदल गया, जब पड़ोस में रहने वाले तीन आरोपियो ने मिलकर उन पर हमला कर दिया। मासूम पोते के जन्मदिन के दौरान मेहमानों के बैठने के लिए सड़क पर रखी कुर्सियों को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट तक जा पहुँचा।

पुलिस के मुताबिक फरियादी मीना गोंडाने निवासी क्लर्क कॉलोनी एक्सटेंशन ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि उनके घर में पोते विहान के जन्मदिन का कार्यक्रम था। घर आए मेहमानों के बैठने के लिए उन्होंने घर के सामने सड़क के किनारे कुर्सियां लगाई थीं।

इसी दौरान एक युवक मोटरसाइकिल से आया और बदतमीजी करते हुए चिल्लाने लगा कि 'रास्ते से कुर्सियां हटाओ, तुम्हारे बाप की सड़क है क्या' जब मीना और उनके पुत्र सोनू ने गाली देने से मना किया, तो विवाद बढ़ गया।शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाले आरोपी दीपक सिंह बैस, कुलदीप सिंह बैस और प्रदीप सिंह बैस वहां पहुंच गए। आरोप है कि विवाद के दौरान दीपक सिंह ने लकड़ी का डंडा निकालकर सोनू के सिर पर दे मारा, जिससे उसका सिर फट गया और खून निकलने लगा। जब मां मीना अपने बेटे को बचाने के लिए बीच-बचाव करने आईं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता की और बाल पकड़कर उनके साथ झूमाझटकी की।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।